बिषे ब्रह्मके अर्थ जाने को इच्छाकरता हुआ मन यजमानव
सिद्धजागता है । अर्थात् सो मन , जैसे यजमान यज्ञकी
सामग्री में प्रधान होता है तैसे, कार्य अरु करणों बिषे

अत्रैष देवःस्वप्ने महिमानमनुभवतियद्दृष्टं दृष्टमनु
यतिश्रुतंश्रुतमेवार्थमनुशृणोति देशदिगन्तरैश्चप्रत्य
नूतंपुनःपुनः प्रत्यनुभवतिदृष्टञ्चादृष्टञ्चश्रुतञ्चाश्रुत
नुभूतञ्चाननुभूतञ्चसर्व्वःपश्यतिसर्व्वःपश्यति५। ४६

करके व्यवहार करनेसे, अरु 'जैसेयजमान स्वर्गार्थप्रस्थान
ता है तैसे, ब्रह्मरूप स्वर्ग के ताईं प्रस्थान को पायाहोने से
मान है। ऐसाजानना अरु ८। इष्टफलमेवोदानः। ८ उदान
का फलही है ७ उदानवायु जो उत्क्रमण में प्रधान है सो
का फलही है काहेते कि यज्ञके फलकी प्राप्ति उदान वायुरूप
मित्त वाली है ताते [अर्थ यह है कि यजमानको मरणके अ-
र उदानवायुरूप निमित्तवाले यज्ञादिकों के फलकी प्राप्ति है]
उस उदानवायु को यज्ञों के फलका निमित्त कारण होने से
कारण विषे कार्य के आरोप होनेसे उदान वायुको इष्टफल
के कहा है ॥ प्र० ॥ उदानवायु को यज्ञका फलपना कैसे है
० ॥ । सएनं यजमानमहरहर्ब्रह्मगमयति । ८सोऽइसयजमान
दिनदिन विषे ब्रह्म के अर्थ प्राप्तकरता है ७ सो उदान वायु
मन नामवाले यजमान को स्वप्न वृत्तिरूपसे भी चलायमान
के नित्य नित्य सुषुप्ति कालविषे अक्षरब्रह्मरूप स्वर्ग के ताईं
प्राप्त करे है। अर्थात् [यद्यपि दिनदिनविषे जोब्रह्मकीप्राप्ति
है सो यज्ञका फलनहीं काहेते कि यज्ञ से रहितपुरुषको भी
सुषुप्ति विषे उस ब्रह्मकी प्राप्तिहोतीहै ताते।तथापि ब्रह्मकोही
ज्ञों का फलपनाहै, ताते सुषुप्तिरूप द्वारकरके तिसब्रह्मके
कउदानवायुको इष्टफलकी प्रापकताहै,यहभावहै]एतदर्थ उ-
वायु यज्ञके फल के स्थानापन्न है ॥ इतिसिद्धम् ४। ४५ ॥
॥ शङ्का। गार्हपत्यो हवा एषोऽपानो। ८ यह अपानवायु
पत्य नामवाला अग्निहै ७ यहां से आरम्भकरके। मनो हवा-
जमान। ८ मनरूपही प्रसिद्ध यजमान है ८ इस श्रुतिपर्यन्त

जो कहा है तिसकरके विद्वान्कर्मी नहीं होता इसप्रकार वि
की स्तुति किया है ऐसा तुमने कहा सो अस्तु। परन्तु इसप्र
तहां अग्निहोत्रादि कर्मों की प्रतीति से उदानवायुको यज्ञके
स्थानापन्न कहाहै तिसकरके तो इस यज्ञ का फलपना नहीं
क्योंकि तहां कर्म की अप्रतीति है ताते ॥ समाधान ॥ यहां
भावहै कि, श्रोत्रादि इन्द्रियां स्वप्न बिषे सोवें (उपरामहोवें
अरु प्राणही जागते हैं, इस स्वरूपवाली विद्यारूप विद्वत्ताहै
विद्वत्ताकी यहां स्तुति करते हैं। अरु इस उक्तविद्याको 'जाग्रत्बिषे
जो है सो श्रोत्रादि बाह्य इन्द्रियों का धर्महै अरु शरीरका विषय
करना प्राणका धर्म है ताते इनमें आत्मा का धर्म कोईनहीं
प्रकारके त्वंपदके, विवेकरूप होनेसे उक्तविद्याकरके युक्तविद्वान्
की स्तुति करने की योग्यताका सम्भवहै। अरुएतदर्थही प्राण
जो जागरण है सो विद्वान् अरु अविद्वान् दोनोंको समानहै
तब अविद्वान्को त्यागके विद्वान्कीही स्तुति कैसेहै, ऐसीजो
शङ्का तिसका भी अभावभया, क्योंकि अविद्वान्का उक्तवि
अविवेकका अभावहै ताते, विद्वान्कीही स्तुति है। हे सौम्य!
प्रकार विद्वान् को श्रोत्रादि इन्द्रियरूप करणों के उपराम
से आरम्भकरके यावत् पर्य्यन्त सुषुप्तिसे उत्थानको प्राप्त
तावत्पर्यन्त सर्व यज्ञ के फल के अनुभव होने से अविद्वा
अनर्थ के हेतुनहीं। इसप्रकार यहां विद्वत्ताकी स्तुति करते
अरु जिसकरके केवल विद्वान्केही श्रोत्रादि इन्द्रियां सो
अथवा प्राणरूप पांच अग्नि जागते हैं, अथवा जाग्रत् अ
बिषे मन अपनी स्वतन्त्रता को अनुभवकरता हुआ नित्य
सुषुप्तिको प्राप्त होता है ऐसा नहीं ताते विद्वान्केही इन्द्रि
उपरामादि होते हैं इसप्रकार विधान करना योग्य नहीं,
सर्व प्राणधारियोंको क्रम से जाग्रत् स्वप्न अरु सुषुप्ति य
अवस्था बिषे जो गमन है सो समानहीहै। एतदर्थ यह
की स्तुतिही सम्भवे है ॥ हे सौम्य! पूर्व जो गार्ग्यमुनिने

प्रश्न क्रियाथा कि । कतर एष देवः स्वप्नान् पश्यति । < कौनसा
यह देवस्वप्नोंको देखता है < तिसकाउत्तर पिप्पलाद मुनिकहते
हैं कि हे गार्ग्य! । अत्रैष देवः स्वप्ने महिमानमनुभवति । <यहां यह
देव स्वप्नविषे महिमाको अनुभव करे है< अर्थात् प्रथम श्रोत्रादि
इन्द्रियों के उपरामभये अरु देहकी रक्षार्थ प्राणादि पांचवायु के
जागतेहुये सुषुप्तिकी प्राप्ति से पूर्व इस सन्धि में यहदेव, जैसे सूर्य्य
अपनी किरणों को अपने बिषे लयकरता है तैसे, अपने स्वरूप
बिषे लयकियेहैं चक्षुरादि करण जिसने, इसप्रकारहुआ स्वप्नबिषे
विषय अरु विषयीरूप अनेक वस्तुओं को आत्म (अपने) भाव
की प्राप्तिरूप महिमा को अनुभव करताहै ॥ शंका ॥ महिमाके
अनुभव करने बिषे अनुभव कर्त्ताको करण जो है सो मनहै एत
दर्थ सो मन स्वतन्त्र होनेसे कैसे अनुभव करताहै ॥समाधान॥ हे
सौम्य ! क्षेत्रज्ञ आत्मरूप जो देव है सो स्वतन्त्र हुआ भी महिमा
को अनुभव करता है यह दोष नहीं है । क्योंकि क्षेत्रज्ञका जो
स्वतन्त्रपना है सो मनरूप उपाधिका किया है । अरु परमार्थ से
स्वयंक्षेत्रज्ञ न सोवता है न जागता है तातें तिसक्षेत्रज्ञ का
जागना अरु सोवना है सो मनरूप उपाधि कृतही है ॥
याच । सधीः स्वप्नोभूत्वा ध्यायतीवेत्यादि । < बुद्धि सहि-
त हुआ, आत्मा, स्वप्नरूप हो के ध्यावते हुयेवत् होता है इ-
त्यादि > बृहदारण्यक उपनिषद् बिषे कहाहै । एतदर्थ देवशब्द
सोके उत्क्रमनको विभूत के अनुभव करने बिषे स्वतन्त्रपने का
न युक्तही है ॥ हे सौम्य ! , कईएक वादी कहतेहैं कि क्षेत्रज्ञ
स्वप्नकाल बिषे मनरूप उपाधिकरके सहितहुये तिसक्षेत्रज्ञ को
स्वयंज्योतिपने की प्रतिपादक श्रुति बाधको पावतीहै, सो बने न-
हीं, क्योंकि उनवादी पुरुषोंको श्रुत्यर्थ के अज्ञानसे भई भ्रान्ति
है अरु जिससे मनआदिक उपाधिकरके जन्य जो स्वयंज्योति-
आदिका व्यवहार है सोभी मोक्ष पर्यन्त सर्व अविद्या (अ-
ज्ञान्) का विषयही है । क्योंकि । यत्र वा अन्यदिवस्यात्तत्रा-

न्यथोऽन्यत्पश्येन्मात्रं संसर्गस्तत्रस्य भवति । ‹ जहां वा अन्य के अ
होय तहां अन्य अन्यको देखे अरु इस आत्माको विषयोंसे सं[illegible]
म्बन्धहोता है › अरु । यत्र त्वस्य सर्वमात्मैवाभूत्तत्केन कं पश्[illegible] अरु
त्यादिश्रुतिभ्यः । ‹ जहां तो इस (पुरुष) को सर्व आत्म[illegible] यथा
होतभया तहां किसकरके किसको देखे › इत्यादिक बृहदा[illegible]ज्योति
उपनिषद्के छठे अध्यायकी श्रुतिसे सिद्धहै ताते उक्त जो शंका[illegible] सिद्ध
सो मंद ब्रह्मवेताओंकी ही करीहुई है , यथार्थ एकात्मवेत्त अपने
नहीं, ॥ शंका ॥ हेभगवन् ! जैसा आप कहतेहौ तैसा होनेसे अर्थ
त्रायंपुरुषः स्वयंज्योतिः । ‹ यहां यह पुरुष स्वयंज्योति है अपने
श्रुति बिषे । अत्र । ‹ यहां › ऐसा जो विशेषण है सोऽयर्थको [illegible]
गा ॥ समाधान ॥ हे सौम्य!हे वादी! यहतुम्हकरके अल्पही काश
हैं जिसकरके । यएषोऽन्तर्हृदय आकाशस्तस्मिञ्छेतेति । ‹ ये [illegible]
यहअन्तर हृदय बिषे आकाश है तिसबिषे (आत्मा) रहत[illegible], त
इसश्रुतिकरके अन्तर हृदय के परिच्छेद के भये अवश्यकरके न[illegible]
त्माका स्वयंज्योतिपना बाधको पावेगा ॥ अरु जो कहे कि [illegible]
यह उक्त दोष होगा, यह आपका कहनासत्यही है, तथा[illegible]
बिषे आत्माको केवल (मनकेअभावयुक्त) पनेसे स्व[illegible]
होने करके तिस आत्माका आधा ओज (प्रतिबन्धक)[illegible]
अरु [अवशेष रहा जो आत्मा तिसका बोध सुषुप्ति बिषे[illegible]
यह तेरा अभिप्राय है] सो कहना बनेनहीं । क्योंकि वह[illegible]
षुप्तिबिषे) भी । पुरीततिशेतेति । ‹ पुरीतति नामवाली[illegible]
बिषे रहता है › इस श्रुति करके ‹ पुरीतति नामवाली[illegible]
ड़ियों का सम्बन्ध रहता है ताते ॥ अरु जो ऐसाकहे [illegible]
स्वप्न मेंभी पुरुषको स्वयंज्योति होने से जब आधे ओज[illegible]
होने का अभिप्राय मिथ्याही है ॥ तब । अत्रायंपुरुषः स्व[illegible]
तिर्भवति । ‹ यहां यह पुरुष स्वयंज्योति होताहै › यहकह[illegible]
बनेगा । अरु जो कहो कि अन्यशाखान्तर रहने से यहश्रु[illegible]
श्रुतिकी अपेक्षासे रहती है सोभीबने नहीं क्योंकि सर्व[illegible]

के अर्थ की जो एकता है सोई इच्छित है ताते । अरु सर्व वेदा-न्त शास्त्रों का अर्थ रूपएकही आत्मा आचार्य करके जनावनेको अरु जिज्ञासुओं करके जानने को इच्छित है । एतदर्थ श्रुति को यथार्थ तत्त्व की प्रकाशक होनेकरके स्वप्नविषे आत्मा के स्वयं ज्योतिपनेका संभव कहने को युक्त है । ऐसे वादी ने कहा । तब सिद्धान्ती कहे हैं कि हे वादी ! जब तू इसप्रकार जानता है तब अपने सर्व अभिमान को त्यागके इस बृहदारण्यकी श्रुतिका अर्थ श्रवणकर, क्योंकि अभिमान के होते तो सौवर्ष पर्यन्त भी अपने को पण्डित माननेवाले पुरुषों करके श्रुतिका अर्थ जानने को शक्य नहीं । ताते यहां श्रुतिका यह अर्थ है कि जैसे हृदया-काश विषे अरु पुरीतति नामवाली नाड़ियों विषे स्वप्नको प्राप्त हुये आत्माका उनस्थान अरु तिनके धर्म से सम्बन्धका अभाव रहत, ताते आत्मा उन्हों करके (चन्द्रशाखा न्याय प्रमाण) विवे-चनकरके देखावने को शक्य होता है । एतदर्थ आत्माका स्वयं ज्योतिपना बाधको पावता नहीं । इसप्रकार अविद्या अरु काम अरु कर्मरूप निमित्तों से उद्भवताको प्राप्तभई जो वासना तिस वासनावाले मनविषे कर्मरूप निमित्तवाली वासनामय अविद्या ने अन्यको अन्यवस्तुवत् देखनेवाले, अरु समस्त कार्य अरु करणसे विवेचन कियेहुये द्रष्टाको दृश्यरूप वासना से पृथक् होने करके तिसका स्वयं ज्योतिपना, नित्य गर्वित नैयायिकों से भी नि-वारण करनेको शक्य नहीं । ताते करणों के मनविषे लीनहुये अरु तिनके अलीनहुये मनोमय देव स्वप्नों को देखताहै । यह आचार्य (पिप्पलाद) ने श्रेष्ठकहाहै ॥प्र०॥ हे प्रभो ! कैसे महिमाको अनुभव करता है ॥ उ० ॥ हे सौम्य ! । यद्दृष्टंदृष्टमनुपश्यतिश्रुतंश्रुतमेवार्थ मनुशृणोति । < जिसको देखाहै (तिसको) देखेहुयेवत् मान-ता है (अरु) सुने अर्थको पीछे सुनेहुयेवत् मानता है ; अर्थात् जिस मित्र वा पुत्रादिकों को पूर्व देखता भयाहै तिनकी वासना करके युक्त भया, पुत्र या मित्रादिकों की वासना से उत्पन्न हुये

सयदातेजसाऽभिभूतोभवति अत्रैषदेवःस्वप्नान्
श्यत्यथतदैतस्मिञ्छरीरएतत्सुखंभवति ६ । ४७ ॥

दृष्टवस्तुको पुत्र अरु मित्रवत् अविद्या करके देखेहुयेवत् मा
है । तिसही प्रकार जो अर्थ सुना है तिसही सुने अर्थ को
की वासनावश पीछे सुनेहुयेवत् मानता है । अरु ऽ । देशदि
रैश्च प्रत्यनुभूतंपुनःपुनः प्रत्यनुभवति । ; देशसे अरु दिशा
से बारम्बार अनुभव किये को अनुभव करता है ;ऽ नदी के
आदि अन्य देशों से अरु पूर्वादि अन्य दिशाओं से बारम्बार
भव किया जो वस्तु तिनको अविद्या करके अनेक दिनों
वर्त्तमान अनेक स्वप्न बिषे अनुभव करता है । अरु ऽ । दृष्ट
दृष्टञ्च श्रुतञ्चाश्रुतञ्चानुभूतञ्चाननुभूतञ्च सर्व्वंपश्यति
पश्यति । ; देखे अरु न देखे, सुनेअरु न सुने, अनुभवकिये
न अनुभव किये सर्वको देखताहै सबहुआ देखता है ;ऽ तैसे
अन्यजन्म बिषे देखे अरु इस जन्मबिषे न देखे वस्तुको अ
सेही अन्य जन्मबिषे सुने अरु इसजन्म बिषे न सुने वस्
अरु तैसेही अन्य जन्मबिषे मन करकेही अनुभव किये अरु
जन्मबिषे केवल मनसे न अनुभव किये अर्थात् जलादि स
रूप अरु मरीचिजल आदिक असत्यरूप, किन्तु बहुत कहने
क्या है, इन सर्व वस्तुको जो देखता है सो सर्व मनकी वास
रूप उपाधिवाला हुआ देखताहै इसप्रकार सर्व करणरूप म
मय देवस्वप्नोंको देखता है इतिसिद्धम् ५ । ४६ ॥

६ ॥ हे सौम्य ! अब गार्ग्यमुनिका जो चतुर्थप्रश्न है कि
सुख किसको होता है, तिसका उत्तर जो पिप्पलादमुनिने
है तिसको भी श्रवण करो ॥ पिप्पलादउवाच ॥ हे गार्ग्य !
दातेजसाऽभिभूतोभवति । ; सो जिसकाल बिषे तेज करके
भव होता है ;ऽ अर्थात् सो मनरूप देव जिस कालबिषे
नामवाले सूर्य के तेजकरके नाड़ीरूप शय्याबिषे सर्वओरसे

स यथा सौम्यवयांसि वासो वृक्षं सम्प्रतिष्ठन्ते । एवं हवैतत्सर्व्वं परआत्मनि सम्प्रतिष्ठते ७ । ४८

भवको प्राप्त होता है अर्थात् , वासनाके उद्भवके द्वाररूप स्वप्नभोग के दाता जे कर्म तिनके तिरस्कार करके युक्त होता है तब इन्द्रियों सहित मनके वासनारूप किरण हृदय बिषे लीनहोते हैं । तब मन वनके अग्निवत् सामान्यज्ञान अर्थात्चैतन्य, रूपता करके सम्पूर्ण शरीरबिषे व्याप्त होके स्थितहोता है, तब सुषुप्तिको प्राप्त होता है , तब ऽ । अत्रैषदेवः स्वप्नान्न पश्यति । ़ यहां यह देव स्वप्नों को नहीं देखता ; ऽ तिसकाल बिषे मन नामवाला देव स्वप्नों को देखता नहीं क्योंकि देखने के जे द्वारहैं सो तेजकरके निरोधको पावते हैं । अरु ऽ । अथतदैतस्मिञ्छरीरेएतत्सुखं भवति । ़ पीछे तब इस शरीर बिषे यह सुखहोता है ; ऽ अर्थात् जो बाधरहित सामान्यरूपसे शरीरबिषे व्यापक प्रसन्नज्ञानरूप स्वरूपसुख है सो यह अर्थ है ६ । ४७ ॥

७ ॥ हे सौम्य ! [कहे प्रकार इस षष्ठवाक्य करके आनन्दमय कोश शब्दका वाच्य अस्पष्ट अरु मन आदिकों को वासनावाला ज्ञान, सुषुप्तिका धर्मी है, इस प्रकार गार्ग्यमुनिके । कस्यैतत्सुखं भवति । ़ किसको यह सुखहोताहै ; इस चतुर्थ प्रश्नका उत्तर पिप्पलादमुनिने कहा ॥ अब इस सातवें वाक्यकरके गार्ग्यमुनिके । कस्मिन्नुसर्व्वे सम्प्रतिष्ठिताभवन्तीति । इसपंचमप्रश्नका उत्तर, विवेकी सुगमतासे तुरीय स्वरूपोंको विवेचन करके कहते हैं] इसकालबिषे अविद्या अरु काम अरु कर्मरूप कारणसे भये जे कार्य अरु करण सो निवृत्त होते हैं । अरु तिनके निवृत्तहुये उपाधियों से विपरीत भासमान जो आत्मास्वरूप सो अद्वैत एक शिव (सुखरूप) शान्त होताहै एतदर्थ इसही सुषुप्ति अवस्था को पृथिवी आदिक भूत अरु अविद्यारचित तिनकी मात्रा के विवेककरके अक्षरब्रह्मबिषे प्रवेशसे देखावनेको दृष्टान्त कहते हैं

पृथिवी च पृथिवीमात्रा चापश्चापोमात्रा च ते
श्च तेजोमात्रा च वायुश्च वायुमात्रा चाकाशश्चाका
मात्रा च चक्षुश्च द्रष्टव्यञ्च श्रोत्रञ्च श्रोतव्यञ्च घ्रा
ञ्च घ्रातव्यञ्च रसश्च रसयितव्यञ्च त्वक् च स्पर्श
व्यञ्च वाक् च वक्तव्यञ्च हस्तौ चादातव्यञ्चोपस्थश्
नन्दयितव्यञ्च पायुश्च विसर्जयितव्यञ्च पादौ च ग
व्यञ्च मनश्च मन्तव्यञ्च बुद्धिश्च बोधव्यञ्चाहङ्कारश्
हङ्कर्तव्यञ्च चित्तञ्च चेतयितव्यञ्च तेजश्च विद्यो
यितव्यञ्च प्राणश्च विधारयितव्यञ्च ८ । ४९ ॥

। स यथा सौम्यवयांसि वासो वृक्षंसम्प्रतिष्ठन्ते । २ हे सौम्
जैसे पक्षी वासार्थ वृक्षकेताईं जाते हैं ; अर्थात् पक्षी जो हैं
निवासकरने के अर्थ वृक्षप्रति जाते हैं ॥ तैसे यह दृष्टान्तहै ऽ ।
ह्वैतत्सर्व्वं पर आत्मनिसम्प्रतिष्ठते । ६ ऐसे प्रसिद्ध सो
परमात्माबिषे जाताहै ; ऽ इसही प्रकार प्रसिद्ध सो जो
कहैंगे सर्व जगत् अविनाशीरूप परमात्माबिषे लयहोताहै ७
८ ॥ हे भगवन्! जो सर्व जगत् परमात्माबिषे जाताहै
कौनहै ॥ ३० ॥ हे सौम्य! इसको भी श्रवणकरो । पृथिवी
पृथिवीमात्रा चापश्चापोमात्राच तेजश्चतेजोमात्राच वायु
वायुमात्रा चाकाशश्चाकाशमात्रा । १ पृथिवी अरु पृथिवी
मात्रा (गन्ध) । पुनः जल अरु जलकीमात्रा (रस) । पु
तेज अरु तेजकी मात्रा (रूप) । पुनः वायु अरु वायुकी मा
(स्पर्श) । पुनः आकाश अरु आकाशकी मात्रा (शब्द) ।
र्थात् गंधादि तन्मात्रारूप अपंचीकृत पंच महाभूत सूक्ष्
अरु पृथिव्यादि पंचीकृत महाभूत स्थूल । अरु ऽ । चक्षुश्च
व्यञ्च श्रोत्रञ्च श्रोतव्यञ्च घ्राणञ्च घ्रातव्यञ्च रसश्च
यितव्यञ्च त्वक् च स्पर्शयितव्यञ्च वाक् च वक्तव्यञ्च ह

दातव्यञ्चोपस्थश्चानन्दयितव्यञ्च पायुश्चविसर्जयितव्य पादौ च गंतव्यञ्च । ६ चक्षु अरु देखने योग्य वस्तु,श्रोत्रअरु नेयोग्य वस्तु, पुनः घ्राण अरु गन्ध लेनेयोग्य वस्तु, पुनः ना अरु रस लेने योग्य वस्तु, पुनः त्वचा अरुस्पर्श करनेयोग्य तु वाचा अरु बोलनेयोग्य वस्तु पुनः दो हाथ अरु लेने देने य वस्तु, पुनः उपस्थ (लिंग) अरु आनन्द देनेयोग्य वस्तु, : पायु (गुदा) अरु त्यागनेयोग्य वस्तु, पुनः दो पाद अरु ने योग्य वस्तु ऽ अर्थात् यहां ज्ञानेन्द्रियां अरु कर्मेन्द्रियां करण अरु तिनके विषयक है । अरु । मनश्चमन्तव्यञ्च बुध्दिश्चबोधव्यश्चाहंकारश्चाहंकर्त्तव्यञ्च चित्तञ्च चेतयितव्यं तेजश्च विद्योतयितव्यञ्च प्राणश्च विधारायितव्यश्च । मन मननकरने के योग्य वस्तु, पुनः बुद्धि अरु जाननेयोग्य वस्तु, : अहंकार अरु अहं करने योग्य वस्तु, पुनः चित्त अरु न्तन करने योग्य वस्तु पुनः प्रकाश अरु प्रकाशने योग्य सु पुनः प्राण अरु धारण करने योग्य वस्तु ऽ अर्थात् उक्तमन मनन करनेयोग्य वस्तुरूप तिसका विषय, अरु निश्चय त्मकरूपा बुद्धि अरु जानने योग्य वस्तुरूप तिसका विषय अभिमान आत्मक अन्तःकरण रूप अहंकार अरु अभिमान ने योग्य वस्तु रूप तिसका विषय, अरु चेतनावृत्त्यात्मक न्तःकरणरूप चित्त अरु चिन्तन करनेयोग्य वस्तु-रूप तिसका विषय, अरु त्वचा इन्द्रिय से भिन्नप्रकाश युक्त चर्मरूप अरु तिससे प्रकाश करनेयोग्य सोई तेजकारूप वस्तु तिसका विषय । अरु जिसको सूत्रात्मा कहते हैं ऐसा जो प्राण सो तिस प्राणसूत्रात्मा करके धारण करनेयोग्य सर्वकार्य करण संघातरूप यह पर अर्थात् अपने से इतरके अर्थ होने करके संहत हुआ नाम रूपात्मक जगत् तिसका उपाधिभूत इतना सर्व है ८ । ४६ ॥

॥ हे सौम्य ! यह जो तुझको कहा इस सर्वसे पर जो जगत्

एषहि द्रष्टा स्प्रष्टा श्रोता घ्राता रसयिता मन्ता बो-
द्धा कर्त्ता विज्ञानात्मा पुरुषः । स परेऽक्षरेआत्मनि स-
तिष्ठते ९ । ५० ॥

का कर्त्ता आत्मस्वरूप है सो सूर्य के अर्थात् जलादिगत
प्रतिबिम्ब आदिकोंवत् भोक्तापने अरु कर्त्तापने करके इह
प्रवेश को पाया है एतदर्थ । एषहिद्रष्टा स्प्रष्टा श्रोता
रसयिता मन्ता बोद्धा कर्त्ता विज्ञानात्मा पुरुष । ‹ यह
खनेवाला स्पर्श करनेवाला सुननेवाला स्वादका लेते
मननकरनेवाला जाननेवाला करनेवाला अरु विज्ञाना
षहै › अर्थात् जिसकरके जानते हैं ऐसा जोकरणरूप बुद्धि
क बिज्ञानहै सो यह नहीं, किन्तु यह तो जो जानताहै ऐसा
अरु कारकरूप विज्ञानहै तिस विज्ञानरूप स्वभाववालाहै
विज्ञाता स्वभाववालाहै एतदर्थ विज्ञानात्मा कहते हैं ।
सहीको कार्य अरु करणके संघातरूप उक्त उपाधियों
होनेसे पुरुषकहते हैं । स परेऽक्षरे आत्मनि सम्प्रति
सो अक्षररूप परमात्माबिषे लीनहोताहै सो पुरुष जैसे
आधारके शोषणहुये सूर्यादिकोंके प्रतिबिम्ब सूर्यादिकों
शको पावते हैं तैसेही अक्षररूप परमात्माबिषे लीनहोताहै

१० ॥ हे सौम्य ! अब तिस जीवात्मा अरु परमात्मा
दताके जाननेवाले को जो ब्रह्म प्राप्तिरूप फलहोताहै सो
हैं । यस्तु सौम्य । ‹ हे सौम्य! जो › ऽ । स यो ह वै । ‹ ऽ
सर्व ईषणा से रहितहुआ ऽ । तदच्छायमशरीरम
शुभ्रमक्षरं वेदयते । ‹ तिसअछाय अशरीर अलोहितशु
को जानताहै › अर्थात् ऽ तिस अज्ञानरहित अरु शरीर
लोहितादि गुणरहित ऽ [अर्थात् अज्ञानादि तीन वि
रहित कहने से कारण अरु सूक्ष्म अरु स्थूल इनतीनों
निषेधहै तिसकरके अवस्था तीनोंका भी निषेध होता

परमेवाक्षरं प्रतिपद्यते स यो ह वै तदच्छायमशरीरमलोहितं शुभ्रमक्षरं वेदयते यस्तु सौम्य स सर्वज्ञः सर्वोभवति तदेषश्लोकः १० । ५१ ॥

[विधसे आत्माका जो तीनों अवस्थासे रहितपनाहै तिसकाअनुवाद करतेहैं] ऽ अरु नामरूपादि सर्व उपाधिके शरीरसे रहित, रक्तादि द्रव्यवत् रक्तादि सर्वगुण रहितहै । हे सौम्य ! जिस कि ऐसा है इसही से शुद्ध है अरु सर्व विशेषणों से रहित है ऐसे अक्षर ऽ सत्य पुरुष नामवाला प्राणरहित मनका अविषय व रूप शान्त बाहर भीतर की कल्पना से रहित अजन्मा, ऽ जानता है ऽ । परमेवाक्षरं प्रतिपद्यते स । ‹ सो परम अकोही प्राप्त होता है › सो पुरुष परब्रह्मरूप अक्षर कोही ता है । ब्रह्मविद्ब्रह्मैव भवति । अरु जो सर्वका त्यागी हुआ नता है ऽ । स सर्वज्ञःसर्वोभवति तदेषश्लोकः १० । ‹ सो र्वज्ञ है सर्व होताहै तिस बिषे यह श्लोक (प्रमाण) है › ऽ ज्ञानवान् सर्वज्ञ होता है । अर्थात् तिस अक्षर के जाननेवाले अज्ञात कुछ भी संभवता नहीं ॥ शंका ॥ सर्वात्मभाव को नकरके जन्यताके होनेसे तिस सर्वात्म भावका अनित्यपना ना है ॥ समाधान ॥ पूर्व अविद्या करके असर्वज्ञ था पश्चात् चार्य के उपदेशसे विद्याकरके अविद्या के अभाव भये सर्वरूप ाहै उपजता नहीं, अरु तिसही अर्थबिषे यह अग्रिम (आगे) ने का वाक्य रूप श्लोक (वेदका मंत्र) प्रमाण है १०।५१॥ हे सौम्य ! पिप्पलादमुनि कहते हैं कि । सौम्य । ‹ हे प्रियदर्शन! ार्ग्य! › । सहदेवैश्च सर्वैः प्राणाभूतानि सम्प्रतिष्ठन्तियत्र । र्वदेवताओं करके (सहित) इन्द्रिय (अरु) भूतजिसबिषे श को पावते हैं › अर्थात् समस्त अपने अधिष्ठाता देवताओं के सहित चक्षुरादि इन्द्रिय अरु पृथिव्यादि भूत जिस अक्षर प्रवेश को पावते हैं ‹ । तदक्षरंयस्तु । ‹ तिस अक्षरको जो ›

विज्ञानात्मा सहदेवैश्च सर्व्वैः प्राणाभूतानि सम्प्र-तिष्ठन्ति यत्र । तदक्षरं वेदयतेयस्तुसौम्यससर्व्वज्ञःसर्व्व मेवाविवेशेति ११ । ५२ ॥

इति श्रीप्रश्नोपनिषदि चतुर्थ प्रश्नःसमाप्तः ॥

अथ प्रश्नोपनिषद्गतपंचमप्रश्नः ॥

अथहैनंशैव्यः सत्यकामः पप्रच्छ । सयोहवैतद्भग-वन्मनुष्येषु प्रायणान्तमोंकारमभिध्यायीत कतमंवा वसतेन लोकं जयतीति १ । ५३ ॥

। विज्ञानात्मा । (जीव) अर्थात् (तिस सर्व केआश्रयरूप अक्षर को जो उक्त अर्थ का जिज्ञासु (ग्राहक) जीवात्मा विदयते। (जानताहै) । स सर्वज्ञःसर्वमेवाविवेशेति । (सो सर्वज्ञहुआ सर्व के ताईंही प्रवेश को पावता है) अर्थात् सर्वज्ञ सर्वात्माही होताहै ११ । ५२ ॥

इति प्रश्नोपनिषद्गतचतुर्थप्रश्नभाषाटीकासमाप्ता ॥

अथ प्रश्नोपनिषद्गत पंचमप्रश्न भाषाटीका प्रारभ्यते ॥

१ ॥ हे सौम्य!हे प्रियदर्शन![इसप्रकार चतुर्थ प्रश्नविषे कर प्रमाण उत्तमाधिकारी को पदार्थ के शोधन पूर्वक वाक्यार्थके ज्ञानसे अक्षर ब्रह्मकी प्राप्तिकहके अब इसाबिष मध्यमाधिकारी मन्द वैराग्यवाले अरु " ॐ " ऐसे आत्माको ध्यान करनेवाले (। प्रणवोधनुः । (ॐकार धनुष है) इत्यादि मुंडक उपनिषद् के मंत्रसे सूचितकिया जो ब्रह्मलोककी प्राप्ति तिसद्वारा क्रम

करके अक्षर ब्रह्मकी प्राप्तिके अर्थ ॐकारकी उपासना कहने को पंचम प्रश्नको प्रकट करते हैं] अब गार्ग्यमुनिके प्रश्न के निर्णय भये पश्चात् परब्रह्म अरु अपरब्रह्मकी प्राप्तिका साधन होने करके ॐकारकी उपासनाके करने की इच्छासे पंचम प्रश्न का प्रारंभकरते हैं । अथ हैनं शैब्यः सत्यकामः पप्रच्छ । ; तिसके पश्चात् इसको शिबिका पुत्र सत्यकाम पूछताभया ; अर्थात् गार्ग्यमुनिके पश्चात् इस निर्णयकर्त्ता पिप्पलादमुनिको शिबिऋषिका पुत्र सत्यकाम नामामुनि पूछताभया ॥ सत्यकाम उवाच ॥ । सयोहवै तद्भगवन्मनुष्येषु । ; हे भगवन् ! मनुष्योंके मध्य सो अद्भुतवत् है सो जो (कोई एकमनुष्य) ; । प्रायणान्तमोंकारमभिध्यायीत । ; मरणपर्यन्त ॐकार को सन्मुख ध्यान करे ; अर्थात् जो कोई एक मनुष्य शरीरके पातहोने पर्यन्त इस ॐकार को सन्मुख होने करके चिन्तन करे । अर्थात् जो बाह्यके विषयों से निवृत्त किये इन्द्रियों वाला अरु भक्तिकरके आरोपित किया है ब्रह्म भाव जिस बिषे ऐसे ॐकार बिषे एकाग्रचित्तवाला अरु उच्छेद (विनाश) रहित आत्माकार वृत्तिवाला अरु अनात्माकार वृत्तिरूप अन्तराय (व्यविधान) से रहित हुआ , जैसे वायुकरके रहित स्थानबिषे स्थित जो दीपक तिस दीपक की शिखा के समान निश्चल चित्तवाला होय, अरु सत्य भाषण ब्रह्मचर्य अहिंसा अपरिग्रह (दान न लेना) त्याग (दान देना) सन्न्यास (संग्रहका त्याग) शौच (पवित्रता) संतोष निष्कपट भाव इत्यादि अनेक यम नियम से अनुग्रह को पाया होय, सो पुरुष आश्चर्यवत् है ; । कतमं वाव स तेन लोकंजयतीति । ; सोतिससे कौनसेलोकको पावताहै ; हे भगवन् ! सो इसप्रकार यावत्पर्यन्त जीवत रहै तावत्पर्यन्त नियम की धारणावाला पुरुष उपासना अरु कर्म्मों करके जो पावनेयोग्य अनेक लोकहैं तिनमें से तिस ॐकारके अभिध्यान करने से कौनसे लोकको पावताहै १ । ५३ ॥

तस्मैसहोवाचएतद्वै सत्यकाम परञ्चापरञ्चब्रह्मयदों ङ्कारस्तस्माद्विद्वानेतेनैवायतनेनैकतरमन्वेति २ । ५.४ ॥

२ ॥ हे सौम्य ! इसप्रकार जब सत्यकाम मुनिने प्रश्न किया तब (। तस्मै सहोवाच । (तिसको सो कहताभया ;) तिस प्रश्नकरनेवाले सत्यकाम नामक अपने शिष्यप्रति सो पिप्पलाद-मुनिनामा आचार्य स्पष्ट कहताभया [इस उपासनाको ॐकार के अभिध्यानरूप होनेसे दहराकाशादिकोंकी उपासनावत् अपर ब्रह्मकी प्राप्तिका साधनहीं है, अथवा परब्रह्मकी प्राप्तिका भी साधनहै । इसप्रकारसे प्रश्नकरनेवाले शिष्यके अभिप्रायके जाननेवाले सर्वज्ञ पिप्पलादमुनि कहतेभये कि यह ॐकार अपरब्रह्मके आलम्बनहोनेसे जब तैसा ध्यानकरिये तब अपरब्रह्मकी प्राप्तिका साधन होताहै अरु परब्रह्मके आलम्बनहोनेसे जब ॐकारका तैसा ध्यानकरिये तब सो क्रमसे परब्रह्मकी प्राप्तिका साधन होता है (। एतदालम्बनं श्रेष्ठमेतदालम्बनं परम् । एतदालम्बनं ज्ञात्वा ब्रह्मलोके महीयते । ' ऐसा उत्तर कहते हैं, ॥ पिप्पलादउवाच ॥ । एतद्वै सत्यकाम परञ्चापरञ्च ब्रह्म यदोंकारः । (हे सत्यकाम ! यह जो परब्रह्म अरु अपरब्रह्महै सो ॐकारही है ; अर्थात् हे सत्यकाम ! यह जो सत्य अक्षर पुरुष इत्यादि नामोंकरके परब्रह्महै अरु सर्वसे प्रथम उत्पन्नभया प्राण (सूत्रात्मा) नामकरके अपरब्रह्महै सो उभयप्रकार का ॐकारही है । क्योंकि ॐकाररूप प्रतीकवालाहै ताते ॥ शंका ॥ ब्रह्म अरु ॐकारके भेदसे तिनकी एकता कैसे बने ॥ समाधान ॥ तिनकी एकता आरोपसे बनती हैं । यहां यह भावहै कि इस ब्रह्म अरु ॐकारके एकअर्थ बिषे तात्पर्यरूप सामानाधिकरणसे ॐकारका प्रतीकपना उपदेशकरते हैं, जैसे शालग्रामादि पाषाणबिषे विष्णु आदिक बुद्धि करनी तैसे, । जिस और बिषे औरकी बुद्धि करिये सो तिसका प्रतीक कहते हैं । यहां ब्रह्मसे इतर जो वर्णात्मक

सयद्येकमात्रमभिध्यायीत स तेनैव संवेदितस्तूर्ण मेव जगत्यामभिसम्पद्यते । तमृचो मनुष्यलोकमुपनय न्ते स तत्र तपसा ब्रह्मचर्येण श्रद्धया सम्पन्नो महिमान मनुभवति ३ । ५५ ॥

ॐकार तिसविषे ब्रह्मकी बुद्धिकरतेहैं एतदर्थ ॐकार ब्रह्मका प्रतीकहै । जैसे विष्णु आदिकोंके शालग्रामादि;] अरु जिसकरके सर्व धर्मके भेदसे रहित परमात्मा शब्द आदि प्रमाणोंकरके साक्षात् बोधकरनेके अयोग्यहै , एतदर्थ इन्द्रियोंके अगोचरहोने से केवल करणरहित मनसे भी जाननेको शक्यनहीं, किन्तु , जैसे शालग्रामादिबिषे आरोपितकरतेहैं विष्णुभाव तैसे, भक्तिकरके आरोपकिये ब्रह्म भाववाले ॐकारके सम्यक् ध्यानकरनेवाले पुरुष को सो जानने में आवताहै, इसविषे शास्त्रका प्रमाण है ताते । अरु इसही प्रकार अपरब्रह्म भी जाननेमें आवताहै । एतदर्थ जो पर अरु अपररूप ब्रह्महै सो ॐकारहै । इसप्रकारका आरोपकरते हैं ८ । तस्माद्विद्वानेते नैवायतने. नैकतरमन्वेति । (ताते ऐसे जाननेवाला इस ध्यानसेही दोनोंमें से एकको पावताहै ;) एत दर्थ इसप्रकार जाननेवाला विद्वान् पुरुष इस ॐकारके ध्यानरूप, आत्माकी प्राप्तिके साधन रूप साधनके आश्रयसेही परब्रह्म अरु अपरब्रह्म इन दोनोंमें से एकको पावताहै ॥ कि जिसकी प्राप्तिकी इच्छासे करताहै २ । ५४ ॥

३ ॥ हे सौम्य ! जो पुरुष, ब्रह्मका समीपवर्ती श्रेष्ठ आलम्बन अर्थात् उपकार साधक अरु अकार आदिक तीनमात्रावाला जो ॐकार सो उपासनाकरनेके योग्यहै इसप्रकार यद्यपि ॐकारकी अकारादि सर्वमात्राके विभागका यथार्थजाननेवाला न होये,किन्तु ॐकारकी एकअकारमात्रा उपासना करनेयोग्यहै इसप्रकार जानताहै । तथापि सोदुर्गतिको प्राप्तहोतानहीं, किन्तुएकमात्रारूपहीॐकारकेध्यानकेप्रभावसे इसलोकविषे श्रेष्ठगतिकोही पावता

है । यह इस तृतीयवाक्यका तात्पर्य्य है, अब इसके अक्षरार्थकोश्र-वणकरोहेसौम्य! । स यद्येकमात्रमभिध्यायीत सतेनैव संवेदितस्तूर्णमेव जगत्यामभिसम्पद्यते । (सो जब एकमात्रारूपको ध्यान करताहै सो तिससेही भलीप्रकार जानताहुआ शीघ्रही जगत् बिषे पावताहै ; अर्थात् इसप्रकार सो जब एकमात्राकेही विभाग का जाननेवाला सर्वदा एकमात्रारूप ओंकारको ध्यानकरता है सो पुरुष एकमात्रापने करके युक्त ओंकारके ध्यानसेही तिसमात्रा के सम्यक्प्रकार बोधवान् हुआ शीघ्रही जगत् (पृथिवी) बिषे जन्म पावताहै । अरु (। तमृचो मनुष्यलोकमुपनयन्ते । (तिसको मनुष्य शरीरको ऋग्वेद प्राप्तकरे है ;) तहां पृथिवी बिषे अनेक जन्म हैं तिन बिषे तिस ॐकार के साधक को मनुष्य लोक (शरीर) के अर्थही ऋग्वेदरूप । स ऋग्वेद इतिश्रुतेः । (अकार ऋग्वेदहै ; । इस श्रुतिसे अकाररूप ॐकारकी प्रथम मात्रा को ऋग्वेदरूपताहै ओंकारकी प्रथम एकमात्रा जो है सो प्राप्त करे है । अरु (। स तत्र तपसा ब्रह्मचर्येण श्रद्धया सम्पन्नो महिमानमनुभवति ३ । (सो तिसबिषे तपसे ब्रह्मचर्य से श्रद्धा से सम्पन्नहुआ महिमाको अनुभव करताहै ;) सो साधक तिस प्रथम मात्रारूप ॐकारके ध्यानसे तिस मनुष्यजन्मबिषे द्विजोत्तमहुआ अरु तपकरके ब्रह्मचर्यकरके अरु श्रद्धाकरके सम्पन्न हुआ महिमा (विभूति) को अर्थात् धन पुत्र क्षेत्र दासादि वैभवको अनुभवकरताहै । परन्तु श्रद्धा रहितहुआ यथेष्ट आचरण को करता नहीं । एक देशके ज्ञानसे रहित जो योगभ्रष्ट है सो कदाचित् भी दुर्गतिको पावता नहीं । ऐसा गीताका प्रमाणहै । ताते ॐकारकी एकमात्राके ध्यानकरनेवालेको कहेहुये फलका असम्भव नहीं । इति सिद्धम् ३ । ५५ ॥

४ ॥ हे सौम्य ! । अथ यदि द्विमात्रेण मनसि सम्पद्यते । (पुनः जब दो मात्राकरके युक्त मनबिषे पावताहै ; अर्थात् पुनः एक मात्रारूप ॐकारके उपासक से इतर जब दोमात्राके विभागका

अथ यदि द्विमात्रेण मनसि सम्पद्यते सोऽन्तरिक्षं यजुर्भिरुन्नीयते। ससोमलोकं ससोमलोके विभूतिमनुभूयपुनरावर्त्तते ४। ५६॥

ज्ञाता जो पुरुष दोमात्रारूपसे युक्त ॐकारको ध्यान करताहै, सो स्वप्नरूप मननकरने योग्य यजुर्वेदमय चन्द्ररूप दैवतवाले मन विषे भलीप्रकार एकाग्रतासे आत्मभावको प्राप्तहोताहै (। सोऽन्तरिक्षं यजुर्भिरुन्नीयते। ससोमलोकं। (सो यजुर्वेद से अन्तरिक्षलोकवाले चन्द्रलोकको प्राप्तहोताहै ;) सो इसप्रकार आत्मभावको प्राप्त मरणरहित हुआ द्वितीयमात्रारूप यजुर्वेद से अन्तरिक्षरूप आधारवाले द्वितीयलोकरूप चन्द्रलोकके अर्थप्राप्त होता है। अर्थात् तिस द्वितीयमात्राके उपासक साधकको यजुर्वेद जो है सो चन्द्रलोक सम्बन्धी जन्मको देता है (। स सोमलोके विभूतिमनुभूय पुनरावर्त्तते ४। (सो चन्द्रलोक विषे विभूतिको अनुभवकरके फेर आवताहै ;) सो उपासक तिस चन्द्रलोकबिषे उत्तम पदार्थोंको भोगके पुनः इस मनुष्यलोक बिषे (ब्राह्मणादि उत्तमकुल में) जन्म पावताहै ४। ५६॥

५॥ हे सौम्य! (यः पुनरेतत्त्रिमात्रेणैवोमित्येतेनैवाक्षरेण परंपुरुषमभिध्यायीत। (जो पुनः तीनमात्रावाले ॐ इसही अक्षरसे इस परम पुरुषको ध्यान करता है ; अर्थात् जो पुरुष पुनः तीनमात्राके विषय करनेवाले ज्ञानयुक्त ॐ इस प्रकारके इसही अक्षररूप प्रतीकसे इस ॐकार रूप सूर्य्यके अन्तरगत परंपुरुष को ध्यान करता है (। स तेजसि सूर्य्ये सम्पन्नः। (सो तेजरूप सूर्य्य बिषे प्राप्त होता है ;) सो तीसरी मात्रारूप ध्यान करता हुआ, मराहुआ भी तिस ध्यानमात्रसे तेजरूप सूर्य्य बिषे प्राप्तहोताहै। अरु सो सूर्य्यसे, चन्द्रलोकादिकों बिषे गयेहुये जैसे फेर आवते हैं तैसे, पुनरावृत्तिको पावतानहीं किन्तु सूर्य्यबिषे प्राप्तहुआही होताहै। अरु (। यथा पादोदरस्त्वचा विनिर्मुच्यत एवं हवै स

यः पुनरेतत्त्रिमात्रेणैवोमित्येतेनैवाक्षरेण परंपुरुषमभिध्यायीत सतेजसिसूर्ये सम्पन्नः यथा पादोदरस्त्वचा विनिर्मुच्यत । एवं हवै स पाप्मना विनिर्मुक्तः स सामभिरुन्नीयते ब्रह्मलोकं सएतस्माज्जीवघनात्परात्परं पुरिशयं पुरुषमीक्षते तदेतौश्लोकौभवतः ५ । ५७ ॥

पाप्मना विनिर्मुक्तः ।८ जैसेसर्प त्वचा से छूटजाताहै ऐसे प्रसिद्ध ही सो पापसे मुक्त होताहै ;७ जिसप्रकार सर्प अपनी त्वचासे मुक्तहोताहै, पश्चात् जीर्णत्वचासे छूटाहुआ सो सर्प पुनः नवीन होताहै । हे सौम्य! जैसै यह दृष्टान्तहै । तैसेही प्रसिद्ध सोतीन मात्राका ध्यान करनेवाला साधक सर्पकी त्वचास्थानापन्न अपने अशुद्धयादिरूप पापसे मुक्तहोता है । अरु ८। ससामभिरुन्नीयते ब्रह्मलोकं ।८ सो सामसे ऊंचे ब्रह्मलोकको पावताहै ;७ जब अशुद्धतारूप पापसे मुक्त होता है तब पीछे सो साधक तृतीयमात्रारूप सामवेदकरके ऊंचे हिरण्यगर्भरूप ब्रह्मके सत्य नामवाले लोक (सत्यलोक) को प्राप्तहोता है ८ सो हिरण्यगर्भ सर्व संसारी जीवोंका आत्मरूपहै अरु जिसकरके सो हिरण्यगर्भ समष्टि लिंगदेहरूपकरके सर्व भूतोंका अन्तरात्माहै तिसकरके समष्टिलिंगशरीररूप हिरण्यगर्भाविषे व्यष्टिलिंगदेहोंके अभिमानी सर्वजीव मिलेहुये हैं । एतदर्थ सो हिरण्यगर्भ जीवघनरूपहै ॥ वाक्य योजना । स एतस्माज्जीवघनात्परात्परं पुरिशयं पुरुषमीक्षते ।८ सो इसपर जीवघनसे पर पुरियोंविषे स्थित पुरुषको देखताहै ;७ सो विद्वान् तीसरी मात्राको ध्यानकरता हुआ इससर्वसे उत्कृष्ट जीवघनरूप हिरण्यगर्भसे पर परमात्मानामवाले सर्वशरीररूप पुरियों विषे स्थितपुरुषको देखताहै [यहां इसरीतिसे अन्वयहै । सोविद्वान् साधक अभी इस अपनी जीवनदशा विषे ध्यान करता हुआ शरीरावसान के पश्चात् ब्रह्मलोक को प्राप्त होता है । तहां ब्रह्मलोकविषे स्थावर जंगमरूप

तिस्रो मात्रा मृत्युमत्यःप्रयुक्ता अन्योन्यसक्ता अन विप्रयुक्ताः । क्रियासु बाह्याभ्यन्तर मध्यमासु सम्यक् प्र युक्तासु न कम्पतेज्ञः ६ । ५८ ॥

प्राणियों से पर जो जीवघननामक हिरण्यगर्भ तिससे पर जो परमात्मापुरुष तिसको अपना आप देखता है] । तदेतौ श्लोकौ भवतः । < तहां यह दो मंत्र हैं > तहां यह उक्त अर्थके प्रकाश करनेवाले दो मंत्र प्रमाण होते हैं ५ । ५७ ॥

६ ॥ हे सौम्य ! । यः पुनरेतत्त्रिमात्रेणैवोमित्ये । इत्यादि इस ब्राह्मवाक्यके साथ प्रथम (पहिले) मन्त्र की योजना करते हैं । तिस्रो मात्रा मृत्युमत्यः प्रयुक्ता अन्योन्यसक्ता अनविप्रयुक्ताः । <तीन मात्रा मृत्युगोचर परस्पर सम्बन्धवाली हैं > अर्थात् तीन हैं संख्या जिनकी ऐसी जो अकार उकार मकार नामवाली ॐ कार की तीनमात्रा हैं सो मृत्युकरके आक्रान्त (व्याप्त) अर्थात् मृत्युका विषयही हैं । अरु परस्पर सम्बन्धवाली हैं । सो तीन मात्रा विशेष करके एकएक विषय विषेही योजना न किया है ऐसा नहीं, किन्तु विशेषकर के एकही ध्यानकालविषे त्यागकरी भई , जाग्रत् स्वप्न सुषुप्तिरूप स्थानके अभिमानी जे वैश्वानरा- दिकनसों अभिन्न विश्वादिक पुरुषों के अर्थात् [वैश्वानरसे अ- भिन्न विश्व जाग्रत्का अभिमानी तिसका स्थूलशरीररूप स्था- न । अरु हिरण्यगर्भ से अभिन्न तैजस स्वप्नका अभिमानी लिंग शरीररूप स्थान । अरु अव्यक्तसे अभिन्न प्राज्ञ सुषुप्तिका अभि- मानी कारण शरीर रूपस्थान] अकार उकार मकाररूप मात्रा से, तादात्म्य (एकरूपता) करके ध्यान रूपजो < । क्रियासु बा- ह्याभ्यन्तरमध्यमासु सम्यक् प्रयुक्तासु न कम्पतेज्ञः । < बाहर भी- तर अरु मध्यकी क्रियाके भली प्रकार योजना किये हुये ज्ञाता कम्पमान होते नहीं >, बाहर भीतर अरु मध्य की क्रिया है तिनके सम्यक् प्रकार ध्यानके कालविषे योजना कियेहुये जब

ऋग्भिरेतं यजुर्भिरन्तरिक्षं ससामभिर्यत्तत्कवयो वेदयन्ते । तमोङ्कारेणैवायतनेनान्वेति विद्वान् यत्तच्छान्तमजरममृतमभयं परञ्चेति ७ । ५९ ॥

इति प्रश्नोपनिषदि पंचमप्रश्नः ५ ॥

तिसके साथ अकारादि तीनों मात्रा योजना कियाहोय तब ॐकारके कहे हुये विभागका जाननेवाला जो योगी है सो चलायमान अर्थात् विक्षेपको प्राप्तहोता नहीं, किन्तु स्वरूप में स्थिरही रहता है । अर्थात् (जो चलायमान होताहै सो जाग्रत् स्वप्न सुषुप्ति बिषे होताहै सो सर्व ॐकारही है ऐसा जानलिया तब चित्त चंचलताछोड़ स्वरूपमें निश्चलहोताहै) जिस करके उस साधक पुरुषने स्थूलादि स्थान सहित जाग्रत् स्वप्न अरु सुषुप्ति अरु विश्वादि जो तिनके अभिमानी पुरुषहैं, सो अकारादि तीन मात्रामय ॐकाररूपकरके देखे है, एतदर्थ इसप्रकार जाननेवाले योगीका चलायमान होना सम्भवे नहीं ६ । ५८ ॥

७ ॥ हे सौम्य ! जिसकरके सो ऐसा पूर्वोक्त विद्वान् सर्वका आत्मा ॐकारमयहै तिसहेतुसे किसकारणकरके उसका चलायमानहोनाहोय, किन्तु अपनेसे पृथक्वस्तु के अभावसे किसीकरके भी चलना (विक्षेप) बने नहीं । अथवा अपने से अपृथक् निश्चयभये जगत् बिषे किस बिषयके अर्थ विक्षेपवान् होगा, किंतु किसीबिषे भी नहीं । इस अर्थके बोधक प्रथम मंत्रकहके अब सर्व अर्थके संग्रहरूप अर्थवाला द्वितीय मन्त्र कहते हैं ॥ हे सौम्य (ऋग्भिरेतं यजुर्भिरन्तरिक्षं स सामभिर्यत्तत्कवयो वेदयन्ते) सो ऋग्वेदसे इसको यजुर्वेदसे अन्तरिक्षको (अरु) जिसको विद्वान् जानते हैं (ऐसे ब्रह्मलोकको) सामवेदसे (पावताहै), अर्थात् सो विद्वान् (जो एकमात्रारूप) ॐकारका उपासक है ऋग्वेदसे इस मनुष्यलोक को पावता है । अरु (जो दो मात्रा

वा दूसरी मात्रा रूप ॐकारका उपासक है सो) यजुर्वेद करके अन्तरिक्षगत चन्द्रलोक को पावता है । अरु जिसको विद्वान् पुरुष जानते हैं अरु अविद्वान् नहीं जानते ऐसा जो सत्यनाम वाला ब्रह्मलोक है तिसको (तीन मात्रा का वा तीसरी मात्रा का उपासक) सामवेद करके प्राप्तहोता है । इसप्रकार विद्वान् उपासक अपरब्रह्मरूप तीन प्रकार के लोक को (समात्रिक) ॐकाररूप आलम्बन (साधन) से पावता है । अरु ऽ । तमोंकारेणैवायतनेनान्वेतिविद्वान् यत्तच्छान्तमजरममृतमभयं परञ्चेति । ८ जो शान्त अजर अमर अभय है तिसपर (ब्रह्म) को ॐकाररूप ध्यान सेही पावता है ; ऽ अर्थात् जो अक्षर सत्यपुरुष संज्ञक शान्त विमुक्त अरु जाग्रत् स्वप्न सुषुप्तिआदि भेदरूप सर्व प्रपंच से रहित है । अरु (जब अवस्था त्रयरूप सर्व प्रपंच से रहित है) इसही करके जरा अरु मृत्युकरके रहित है । अरु जिसकरके जराआदि विकारों से रहित है, इसही से अभय है । अरु जब अभय है तबही सर्व से अधिक है, ऐसा जो (त्रिमात्रिक ॐकारका लक्ष्यरूप) परब्रह्महै तिसको भी (प्रतिमावत्प्रतीक रूप त्रिमात्रिक) ॐकारकी (उपासना रूप) आलम्बन (साधन) सेही प्राप्त होताहै । । इति । यहां जो ,इति, शब्द है सो वाणी की परिसमाप्त्यर्थ है इति सिद्धम् ७ । ५६ ॥

इति प्रश्नोपनिषद्गत पञ्चम प्रश्न

भाषाटीका समाप्त ५ ॥

हरिः ॐतत्सद्ब्रह्म ॥

अथ प्रश्नोपनिषद्गतषष्ठप्रश्नः ॥

अथ हैनंसुकेशा भारद्वाजः पप्रच्छ भगवन् हिरण्य नाभः कौसल्यो राजपुत्रो मामुपेत्यैतं प्रश्नमपृच्छत। षोडशकलं भारद्वाज पुरुषं वेत्थ तमहं कुमारमब्रुवं नाहमिमं वेद यद्यहमिममवेदिषं कथंते नावक्ष्यमिति समूलो वा एषपरिशुष्यतियोऽनृतमभिवदति तस्मा न्नार्हाम्यनृतं वक्तुं सतूष्णीं रथमारुह्यप्रवव्राज तं त्वापृ च्छामिक्वासौपुरुष इति १ । ६० ॥

अथ प्रश्नोपनिषद्गतषष्ठप्रश्नभाषा टीका प्रारभ्यते ॥

१ । हे सौम्य ! < सुषुप्ति कालविषे विज्ञान रूप जीवात्मा सहित सर्व कार्य कारणात्मक जगत् अक्षररूप परब्रह्म विषे लय होताहै > इसप्रकार पूर्व चतुर्थ प्रश्नविषे कहि आये हैं । तिसकथनरूप प्रमाण की सामर्थ्य से प्रलयविषे भी तिसही अक्षर विषें यह सर्वजगत् लय होता है । अरु जिसकरके कार्य्य का अकारण विषे लय संभवता नहीं अर्थात् जो जिसका कार्य्य है सो परिणाम में उसही अपने कारणमें लयहोताहै अन्य में नहीं अरु । आत्मनः एषप्राणो जायते । यह इसही उपनिषद्के तृतीय प्रश्नके तीसरीश्रुति से कहाहै । एतदर्थ जिसब्रह्म विषे यह जगत लय होताहै तिसही ब्रह्मसे जगत्का उपजना सिद्धहोताहै ॥ अरु जगत्का जो मूल (कारण) है तिसके सम्यक्ज्ञानसे परम मुक्ति होतीहै । अर्थात् [यद्यपि अद्वैत आत्माके सम्यक् ज्ञानहुयेही मुक्तिहोतीहै, कारणकेज्ञानसेनहीं, तथापि तिसआत्माको कारणत्व होनेसे तिससे भिन्नकार्य्य का अभाव है, क्योंकि कारणसे भिन्न कार्य्यकीसत्ता होतीनहीं, तातेआत्माके अद्वैतपनेका ज्ञान सिद्ध

होताहै, एतदर्थ तिसजगत्केमूल कारण आत्माके सम्यक्ज्ञानसे (चतुर्धा मुक्तिसे भिन्न) परममुक्ति होतीहै "। आत्मा वा इदमेव एवाग्रआसीत् ।" "। सएतमेव पुरुषब्रह्म ततमपश्यत्।" "।प्रज्ञानंब्रह्म।" "। स एतेन प्रज्ञानेनात्मनाअमृतःसमभवत् ।" "। सदेव सौम्येदमग्र आसीत्।" "।आचार्य्यवान् पुरुषोवेद।" "।अथसमत्स्ये।" "।तमेवैकंजानथ।" "।अमृतस्यैषसेतुः।" "।अहंब्रह्मास्मीति।" "।तस्मात्तत्सर्वमभवत् ।"॥ (यहजगत् प्रथम निश्चयकरके एकहीआत्माथा) (सोइसही पुरुषको परिपूर्ण ब्रह्मरूप देखताभया)। (प्रज्ञान ब्रह्महै) । (सो इस प्रज्ञानरूपसे अमरहोताभया)। (हेसौम्य!यहआगे एकअद्वैत सत् हीथा) इसप्रकार आरम्भकरके । (आचार्य्यवानपुरुषजानताहैं) (तिसही एककोजानो)।(यहअमृतकासेतुहै)। (मैंब्रह्महों)। (ताते सो सर्वरूप होताभया) ॥ इत्यादि अनेक श्रुतियों के वाक्यों से निश्चय किया है] यहसर्व उपनिषदों का निश्चितार्थ है। अरु इसही उपनिषद् के चतुर्थप्रश्नविषे "। स सर्वज्ञः सर्वोभवतीति ।" (सो सर्वज्ञ सर्वरूप होताहै) । इसप्रकार कहा है । ताते सो अक्षर ब्रह्मरूप सत्पुरुष नामवाला जो (मुमुक्षुओं करके) जानने योग्य वस्तु है सोकहाहै । इसप्रकार पूछनेयोग्यहै । अरुतिसस-त्पुरुषको शरीरके भीतर स्थितकहाहै तिसकरके, प्रत्यगात्माके सम्यक् ज्ञानार्थ इसषष्ठप्रश्नका आरम्भंकरते हैं। अरु यहांसुकेशा नामवाले शिष्यने पूर्व व्यतीतभये अर्थका पुनः प्रश्नरूप कथन कियाहै, सो ज्ञानकी दुर्लभताकी प्रसिद्धिहोनेसे तिसकीप्राप्त्यर्थ पुरुषार्थ विशेषके उत्पादनार्थ है ॥ अब (["। गताः कलाः पंचदशप्रतिष्ठा देवाश्चसर्वेप्रतिदेवतासु । कर्म्माणि विज्ञानमयश्च आत्मा परेऽव्ययेसर्वएकीभवन्ति ।" (पंचदश कला अपनेकारण भावको प्राप्तभई कर्म अरु विज्ञानमय (जीवात्मा) सोपरअव्यय (अविनाशी) अक्षर ब्रह्म विषे एक (अभेद) होतेहैं) इसप्रकार मुंडक उपनिषद्केतृतीय मुंडकके दूसरे खंडके सातवें मन्त्रसे कहिके) "। यथानद्यःस्यन्दमानाःसमुद्रेस्तंगच्छन्ति नामरूपेविहाय

तथाविद्वान्नामरूपाद्विमुक्तःपरात्परं पुरुषमुपैति दिव्यम् ”। अब ऽ ऽजैसे नदियां सर्वओरसे बहतीहुई अपनेकारण समुद्रविषे जाय अपने नामरूपको छोड़ (समुद्रही होती हैं) । तैसे प्रत्यगात्मा को सम्यक् अनुभवकरनेवाला विद्वान् (बुद्धिविशिष्ट चैतन्य) प-रात्पर परम दिव्य अक्षर पुरुषको प्राप्तहोताहै ऽ इस मुंडककेही उक्त खंडके आठवें मन्त्र करके दृष्टान्तके कथनप्रमाणसे परब्रह्म की प्राप्ति कही है । ताते इन उक्त दोनों मन्त्रोंका अर्थ सविस्तर कहनेके अर्थ इस षष्ठ प्रश्नका आरम्भकरते हैं]ऽ ॥ हे सौम्य! सत्य कामामुनिके प्रश्नके निर्धारहोनेके ऽ । अथ हैनं सुकेशा भारद्वाजः पप्रच्छ । ऽ पश्चात् इसको भारद्वाजका पुत्र सुकेशा प्रश्नकरता भया ऽ ऽ अर्थात् सत्यकामाके प्रश्नके अनन्तर इस पिप्पलाद मुनिरूप आचार्यसे भारद्वाजमुनिका पुत्र सुकेशानामवालामुनि प्रश्नकरताभया ॥ सुकेशा उवाच ॥ ऽ । भगवन् हिरण्यनाभः कौ-सल्योराजपुत्रो मामुपेत्यैतं प्रश्नमपृच्छत । ऽ हे पूजाके योग्य! कौसलदेशका हिरण्यनाभ राजपुत्र मेरे समीपआय इसप्रश्नको पूछताभया ऽ ऽ हे सर्व संशयके नाशकर्ता! हे भगवन्! एकसमय, कौसलदेशमें उत्पन्नभया ऐसा जोहिरण्यनाभ नामवाला क्षत्रि-यजातीय प्रख्यात राजपुत्र मेरेसमीपआय इसकथनकरनेके प्रश्न को पूछताभया कि ऽ । षोडशकलं भारद्वाज पुरुषंवेत्थ । ऽ हेभार-द्वाज! षोड़शकलावाले पुरुषको जानताहै ऽ ऽ हे भारद्वाज! सोलह संज्ञाहैं जिनकी ऐसी जो कलाहैं सो, शरीरविषे अवयवोंवत्, जिस आत्मरूप चैतन्य पुरुषविषे अविद्या करके अध्यारोपमात्रहैं, एतदर्थ इस चैतन्य पुरुषको सोलहकलावाला कहते हैं तिससो-लह कलावाले पुरुषको तू जानता है । हे भगवन्! इसप्रकारजब उसने प्रश्नकिया तबातमहं कुमारमब्रुवन् नाहमिमंवेद । ऽ तिस कुमारको इसको मैं जानता नहीं ऐसे कहताभया ऽ अर्थात् ऽ तिस प्रश्नकर्त्ता राजकुमार को जिसके विज्ञानार्थ तेरा प्रश्न है तिस पुरुषको मैं जानता नहीं इसप्रकार मैं कहताभया । परन्तु

उक्तप्रकारका कहनेवाला जो मैं तिस मेरे वाक्य में भी यह भारद्वाजमुनि कहता है कि मैं उस सोलहकलावाले पुरुष को नहीं जानता सो यह आप जानता होयके नहीं जानता कहता है वा न जानके, इसप्रकार, अज्ञानके संशयका सम्भव उस कुमारबिषे विचार तिस राजपुत्रको मैं ,प्रश्नकिये पुरुषके विषयमें, अपने अज्ञानका कारण कहता भया कि हे राजकुमार! ऽ । यद्यहमिममवेदिषं कथं तेनावक्ष्यमिति । < जब मैं इसको जानता होउँ तब तेरे अर्थ कैसे न कहूं > ऽ जब मैं तुझकरके प्रश्नकिये पुरुषको जानताहोउँ तो तुझसरीखे उत्तमगुण सम्पन्न शिष्यके अर्थ कैसे न कहूं, किन्तु कहताही । हे भगवन्! इसप्रकार कहके भी मैं अपने वाक्य में उसका अविश्वास जान विश्वास करावने के अर्थ पुनः मैंने कहा कि हे राजकुमार! ऽ । समूलो वा एष परिशुष्यति योऽनृतमभिवदति । < जो अनृत कहताहै यह समूल सूखजाता है > ऽ जो पुरुष ज्ञानीहुआ भी अपनेआपके विषयमें 'मैं अज्ञानी हौं, इसप्रकारका आरोप करता हुआ अन्यथा भये अर्थरूप अनर्थ (झूठ) को कहता है सो अपने धर्मकर्मरूप मूल सहित सूख जाताहै अर्थात् इसलोक परलोक से भ्रष्टहोता है ऽ । तस्मान्नार्हाम्यनृतंवक्तुं । < ताते अनृत कहने को योग्य नहीं > ऽ एतदर्थ इसप्रकार जब मैं जानताहौं तब मैं मूढ़ पुरुषोंवत् झूठ कहनेको योग्य नहीं हौं । हे भगवन्! इसप्रकार जब मैं कहा तब ऽ । स तूष्णींरथमारुह्यप्रवव्राज । < सो चुपहुआ रथमें बैठजाताभया > ऽ मेरे कहे वाक्यमें विश्वासको प्राप्तहोय सो राजकुमार प्रश्न से उपरामहोय रथमें बैठ जहांसों आयाथा तहांको जाताभया तातें हे भगवन्! ऽ । तंत्वा पृच्छामि कासौ पुरुष इति १ । < तिसको तुम्हारेताईं पूछताहौं यहपुरुष कहांहै > ऽ न्यायमें शरणको प्राप्त भये अधिकारी शिष्यके अर्थ ज्ञाता गुरुकरके विद्याकहनेको योग्य हीहै । अरु सर्व अवस्थाबिषे झूठ कदापि कहने के योग्य नहीं अरु जानने के योग्य होने से बाणवत् मेरे हृदयबिषे स्थित, ऽ आ।

तस्मैसहोवाच । इहैवान्तःशरीरे सौम्यसपुरुषो यस्मिन्नेताःषोडशकलाः प्रभवन्तीति २ । ६१ ॥

र्थात् [यावत् जाननेको इच्छितवस्तुको जानते नहीं तावत्पर्यन्त सो वस्तु हृदयबिषे बाणवत् भासे है] ऽ तिस पुरुषको मैं तुम्हारे प्रति पूछताहौं कि यह जो जानने योग्य पुरुषहै, कि जिसके जाननेके अर्थ राजपुत्रका मुझसे प्रश्नथा, सो कहांवर्त्तताहै १ । ६० ॥

२ ॥ हे सौम्य ! उक्तप्रकार जब सुकेशा मुनिने अपने वृत्तान्त कहने पूर्वक प्रश्नकिया तब ऽ । तस्मैसहोवाच । < तिसके अर्थ सो कहतेभये > ऽ तिस प्रश्नकर्ता सुकेशामुनिके अर्थ सो सर्वज्ञ पिप्पलाद मुनीश्वर कहतेभये ऽ । सौम्य!यस्मिन्नेताःषोडशकलाः प्रभवन्तीति । < हे सौम्य ! जिसबिषे यह सोलह कला उपजती हैं > ऽ कि हे प्रियदर्शन ! जिसपुरुषविषे यह अग्रिम कहनेकी प्राणादि सोलह कला उत्पन्न होती हैं, एतदर्थ सोलह कला रूप उपाधियों से जो पुरुष निष्कल (कला रहित) है सो निष्कल हुआ भी अविद्या दोष करके कलावालेवत् देखते हैं, ऐसा जो शुद्धचैतन्य, पुरुष है ऽ । स पुरुषो इहैवान्तः शरीरे । < सो पुरुष इसही शरीरके अन्तर है >ऽ सो पुरुष कि जिसके अर्थ तेरा प्रश्न है इसही शरीर बिषे < कि जिसबिषे स्थित हुआ तू प्रश्न करता है > एकहृदय कमल है तद्गत जो < दहर नामवाला > अन्तराकाश है तिस आकाश के मध्य < मुमुक्षुओं करके > जानने योग्य है । अन्य देशबिषे कहीं भी नहीं २ । ६१ ॥

३ । हे सौम्य ! < ब्रह्मविद्या आदि जिसविद्या को कहते हैं तिस > विद्या से तिस , निष्कल, पुरुष की, अविद्या दोषसे आरोपित जेकला तिनके अध्यारोप के अपवादके होनेसे सो पुरुष केवल अनुभव करनेके योग्यहै, एतदर्थ कलाओं की उत्पत्ति उस सों कही है । अरु अत्यन्त भेदरहित अद्वैत शुद्धतत्त्व बिषे अध्यारोप किये विना प्राणादि कलाका प्रतिपाद्य अरु प्रतिपादनादिक

सईक्षाञ्चक्रे । कस्मिन्नहमुत्क्रान्त उत्क्रान्तो भवि-
ष्यामिकस्मिन् वा प्रतिष्ठिते प्रतिष्ठास्यामीति ३।६२ ॥

व्यवहार करने को समर्थ नहीं, एतदर्थ इनकलाओं के उत्पत्ति
स्थिति अरु लय का अविद्या के आधीन आरोप करतेहैं अरु जि-
स करके यह कला चैतन्यसे अभेदकरकेही उत्पन्नहुई स्थितहुई
लयहुई सर्वदा देखते हैं। याही से कोईएक; क्षणिक विज्ञान
वादी, मूर्ख भ्रमी पुरुष ' अग्निके संयोगसे घृतवत् चैतन्य (वि-
ज्ञान) ही घटादि आकार से क्षणक्षण बिषे उपजे हैं, अरु नाश-
होताहै, इस प्रकार मानते हैं अरु शून्यवादी जो पुरुष हैं ति-
नको सुषुप्तिआदि अवस्थाविषे तिनरूपादि विषयके अरुज्ञानरूप
से चैतन्यके अभावहुये सर्व शून्यही होता है, ऐसा भ्रम होता
है। अरु दूसरे न्यायशास्त्र के ज्ञाता नैयायिक पुरुषजो हैं सो
चेतना के करनेवाला नित्य आत्माका घटादिकों को विषय करने
वाला चैतन्य (ज्ञानगुण) अनित्य उपजता है अरु नाशहोता
है, इसप्रकार कहते हैं, अरुअन्यजे चारवाक मतके पुरुष हैं सो
ऐसा कहते हैं कि चैतन्य जिसको कहते हैं सो देहाकार से मिले
हुयेजे पृथिव्यादि वायुपर्यन्त चारभूत हैं तिनका धर्म (संयो-
गी फल) है। हे सौम्य! इनकहेहुये सर्व पुरुषों को प्राणादिकला
अरु चैतन्यके अभेदकी भ्रान्ति है परन्तु श्रुतिका सिद्धान्त यहहै
जो जन्म मरण रूपधर्मसेरहित चैतन्यरूप आत्माही नामरूपादि
उपाधियों के धर्मोंसे नानाभावकरके अरु कार्यभावकरके प्रतीत
होताहै ॥ " सत्यंज्ञानमनन्तंब्रह्म " ‹ सत्यज्ञानअनन्तरूपब्रह्महै ›
अरु " प्रज्ञानमानन्दं ब्रह्म " ‹ प्रज्ञान आनन्दरूप ब्रह्महै › अरु
" विज्ञानघनएव " ‹ विज्ञानघनहीहै › इत्यादि श्रुतियोंके प्रमाणसे
अरु तैसे हुये अर्थात् क्षणिक विज्ञानवादी आदिकोंके कहेप्रमाण
हुये, श्रुतिकेसिद्धान्तसे विरोध आवताहै एतदर्थ वोक्षणिकविज्ञान
वादी आदिकोंके मत सर्वथा त्यागनेहीयोग्यहैं ॥ [अबज्ञानकाल

विषे विषयोंका सद्भावहीहोय इस नियमका अभावहै ताते। अरु विषयकालबिषे ज्ञानके सद्भावका नियमहै ताते, तिसज्ञान अरु विषयकाभेदहै । इसप्रकार क्षणिकविज्ञानवादी के पक्षको खंडन करतेहुये,अरु अव्यभिचारतासेही ज्ञानकी नित्यताको साधतेहुये नैयायिक आदिकों के मतको खंडन करते हैं। यहांयह अर्थ है कि घटज्ञानके कालबिषेपटके अभावका संभवहै तिसकरके विषयोंको ज्ञानसे व्यभिचारित्वपनाहै । अरुज्ञानकोतो विषयकाल बिषे अवश्यहोने के नियम से अव्यभिचारित्वपना सिद्धहीहै ॥ अरु पट ज्ञानके काल बिषे घटका ज्ञानभीनहीं है, तातेघटकेज्ञानकोभी पट रूपविषयसे व्यभिचारित्वपनाहै ॥ इसशङ्काकोचित्तबिषेल्याय के विषयोंका स्वरूपसेही व्यभिचारित्वपना कहाहै । अरु ज्ञान का विषय विशिष्टतारूपमात्रसेही व्यभिचारहै स्वरूपसे नहीं यह भेद है] ऽ स्वरूपसे अव्यभिचारी पदार्थोंबिषे चैतन्यके अव्यभिचार होने से जैसे २ जो जो पदार्थ जानतेहैं,तैसेतैसे जाननेयोग्यहोने सेही तिस २ पदार्थ के चैतन्यका अव्यभिचारपनाहीहै ॥ शङ्का ॥ कोईएकवस्तु जानतेनहीं परन्तु होतीहै । अर्थात् [उत्पन्नहोय के शीघ्रही नाशहोनहार आदिकवस्तु, अरु गिरिगुहान्तर्गतवस्तु को अज्ञात होनेकर के ज्ञानका भी ज्ञेयरूप विषयसे व्यभिचारप्र सिद्धहै]॥समाधान॥ हे सौम्य! यहवादीका शङ्कारूप कथनकैसा है कि, जैसे कोईकहे कि रूपसंज्ञक विषयको देखतेतोनहीं तथापि चक्षुहै, तद्वत्, अघटित है ऽ अर्थात् [वादी ने कहा कि कोइक वस्तु जानते नहीं परन्तु होतीहै, सोबनेनहीं क्योंकि तिसवस्तुके अज्ञानके होनेसे तिसके अस्तित्वभावकी असिद्धिहै, अर्थात् जिस वस्तुका ज्ञाननहीं अरु सो वस्तु है, ऐसा वस्तु का अस्तित्वभाव ज्ञानविना कदापि सिद्धहोतानहीं, ताते तैसा अज्ञातहुआ पदार्थ असिद्धही है] ऽ एतदर्थ घटके ज्ञानकालबिषे कदाचित् घटके अभावसे ज्ञेय (विषय) रूप पट ज्ञानसे व्यभिचार को पावताहै परन्तु ज्ञान जो है सो कदाचित् भी व्यभिचारको पावता नहीं

क्योंकि एक ज्ञेय (विषय) के अभावहुये भी अन्यज्ञेय (विषय) बिषे ज्ञानका स्वरूप करके सद्भावहै । अरु सुषुप्तिबिषे ज्ञानके न होनेसे ज्ञेय विषय कुछ होताहै, ऐसी प्रतीति किसी को भी होती नहीं, एतदर्थ भी 'ज्ञान, व्यभिचारको पावता नहीं ॥ अरु जो कहै कि सुषुप्ति बिषे अदर्शनहोने से ज्ञानका भी अभावहै तातेज्ञेय के व्यभिचारवत् ज्ञानके स्वरूपका भी व्यभिचारहै । सो ऽ [क्या तब सुषुप्तिबिषे तू ज्ञेयके अभावसे ज्ञानका अभाव साधता है वा ज्ञानके अदर्शन होनेसे ज्ञानका अभाव साधता है { तिन दोनों पक्षों में, जब सुषुप्तिरूप ज्ञेयको अङ्गीकार किया तब ज्ञानके अदर्शनकी असिद्धिहै ,क्योंकि ज्ञानके अभावसे सुषुप्तिरूप ज्ञेय सिद्ध होता नहीं, ताते दूसरा पक्ष बनता नहीं यह आगे कहेंगे } ऽ अरु जो तू प्रथम पक्षको कहेगा कि ज्ञेयके अभाव से ज्ञानका अभाव है, तो भी ज्ञेयको प्रकाश्यरूप होनेसे उसके अभावभये तिसके प्रकाशकरूप ज्ञानका अभावहै, इसप्रकार मानताहै, किंवा ज्ञान अरु ज्ञेय इन दोनों की एकता का अभावरूप ज्ञानका अभाव है, ऐसा मानताहै, तहां इनदोनों पक्षों में भी ज्ञान अरु ज्ञेयका परस्पर में व्यभिचारके होनेसे प्रथमपक्ष बने नहीं । अरु जो कहे कि प्रकाश्य के ज्ञानरूप एकही सामर्थ्यवाले प्रकाश का प्रकाश्य के अभावहुये अभाव कहते हैं, तहां प्रकाश को प्रत्यक्ष सिद्ध होनेसे सो भी बने नहीं, क्योंकि अन्धकार बिषे प्रकाश्यरूप की अप्रतीति के हुये तिसके ज्ञानबिषे समर्थ चक्षुरूप प्रकाश के अभाव की कल्पना करनी भी अशक्यहै ताते, प्रथमपक्ष बने नहीं । अरु सुषुप्तिबिषे जे ज्ञेयका अभाव सो अभावरूपही ज्ञेयहै तिस ज्ञेयके विद्यमान होते, ज्ञान अरु ज्ञेय इन दोनों के तादात्म्यमय एकता के अभावरूप ज्ञानका अभावहै यह दूसरापक्षभी बनता नहीं, इस अभिप्रायसे सिद्धान्ती कहताहै] ऽ बने नहीं । क्योंकि ज्ञेयके प्रकाशक ज्ञानको, सूर्यादिकों के प्रकाशवत् ज्ञेयका प्रकाशकत्व है । अरु जैसे अपने करके प्रकाशने योग्य जे घटादि प्रकाश्य तिन

के अभाव भये सूर्यादिकों के प्रकाश के अभावका असंभव है तद्व-
त्, सुषुप्तिबिषे ज्ञानके अभावका असंभवहै । अरु जैसे अन्धकार
बिषे चक्षुसे रूपविषयकी अप्रतीति के होनेसे, क्षणिक विज्ञानवा-
दियों के, चक्षुके अभावकी कल्पनाकरने को भी शक्य नहीं है,तैसे-
ही सुषुप्तिबिषे ज्ञेयके अभावहुये ज्ञानके अभावकी कल्पनाकरने
को अशक्यही है ॥ अरु जो ऽ[विज्ञानवादी के मतविषे विज्ञान सें
भिन्न प्रकाशादिकों का अभाव है ताते प्रकाशरूप विज्ञानके परि-
णाम के अभाव होनेसें प्रकाश्यरूप विज्ञान के परिणामके संभव
करके व्यभिचारके स्थलका अभावहै ताते तहां सुषुप्तिबिषे ज्ञान
अरु ज्ञेय के अभावका व्यभिचार नहीं है, इस अभिप्रायसे वादी
शङ्का करताहै] ऽ कहे कि क्षणिक विज्ञानवादी जो है, सो ज्ञेय
के अभावभये ज्ञानका अभाव कल्पताही है, हे वादी ! जब ऐसेही
है, तब ज्ञानके अभावका जो कल्पक (वृत्ति) सोई ज्ञेय तिस
ज्ञेयके अभावका ज्ञान अंगीकार करते हैं वा नहीं, यह विज्ञा-
नवादी सों पूछते हैं, सो तिसका उत्तर कहना योग्य है < हे सौ-
म्य ! > तिन कहेहुये दोनों पक्षोंमें प्रथम पक्षबिषे ज्ञानके अभावकी
सिद्धिनहीं है, क्योंकि तिनही अभावके ज्ञानका सद्भाव है ताते
इसप्रकार कहते हैं, जिस ज्ञेयके अभावके ज्ञान से तिस ज्ञानके
अभावको कल्पता है, तिस ज्ञानका अभाव किस करके कल्पता
है । किसी करके भी कल्पना करनेको शक्य नहीं ॥ अरु द्वितीय
पक्ष भी बनेनहीं । क्योंकि तिस ज्ञेयके अभावरूपअज्ञान को भी
ज्ञानके अभावके कल्पक होनेका असंभव है ताते । अरु अवश्य
ज्ञेयरूप होनेसे तिसके अभावहुये तिनज्ञेयके अभावकी कल्पनाक
असंभवहै ताते, ज्ञेयके अभाव के ज्ञानके अङ्गीकार का पक्षयुक्त
नहीं ॥ अरु जो ऐसाकहे कि ज्ञानको ज्ञेयसे अभिन्न होनेकरके
ज्ञेयके अभावहुये ज्ञानका अभावहोवेगा, सो बनेनहीं । काहेतेकि
अभावको भी ज्ञेयपने के अङ्गीकारते । (हे सौम्य !) जब विज्ञान-
वादियों करके अभाव भी ज्ञेय अरु नित्य अंगीकार करते हैं, तब

तिसज्ञेयसे अभिन्न ज्ञानभी नित्यरूपकल्पनाकियाहीहोगा, अरु तिस ज्ञानके अभावको ज्ञानरूप होनें से अभावपना कहनेमात्र ही है । अरु परमार्थसे ज्ञानका अभावपना अरु अनित्यपना नहीं है । अरु नित्यरूप ज्ञानके नाममात्र अभाव के आरोप विषे हमारी क्या हानि है कुछ भी नहीं ॥ अरु जो ऐसाकहे कि अभाव ज्ञेयरूपहुआ भी ज्ञानसे भिन्न है, तब इस तेरे कहने से ज्ञेयके अभावहुये ज्ञानका अभाव जो तेरे मतमें माना है सो सिद्धनहीं होगा । अरु जो ऐसा कहे कि ज्ञेयवस्तु ज्ञानसे भिन्न है, अरु ज्ञानजो है सोज्ञेयसे भिन्न नहीं, सो बने नहीं, क्योंकि शब्दमात्र के भेदकरके वास्तविक भेदका असंभवहै ताते । अरु जबज्ञेय अरु ज्ञानकी एकता अंगीकार करताहै, तब ज्ञेयज्ञानसे भिन्नहै अरुज्ञेय से भिन्नज्ञाननहीं, यह जोकथनहै सो वह्नि (अग्नि,अग्निसे भिन्न है अरु अग्निसे भिन्न वह्निनहीं, इसकथनवत् शब्दमात्रहीहै । एत-दर्थ हे वादी! ज्ञान जोहै सो ज्ञेयसेभिन्नहीसिद्धहोताहै। अरु ज्ञानको ज्ञेयसेभिन्नसिद्धहुये सुषुप्तिविषे ज्ञेयकेअभावकेहोते ज्ञानके अभाव का असंभव सिद्ध भया ॥ अरु जो ऐसाकहे कि सुषुप्तिविषे ज्ञेय के अभावहुये ज्ञानका अदर्शन है ताते ज्ञानका अभावहै, सो भी बने नहीं, क्योंकि सुषुप्तिरूप ज्ञेयके ज्ञानका अंगीकारहै ताते वहां ज्ञानकाअदर्शनअसिद्ध है । अरु जिसकरके विज्ञानवादीके मतविषे सुषुप्तिमें भी विज्ञानका सद्भाव अंगीकार करते हैं एतदर्थ ज्ञानका अदर्शन सम्भवता नहीं ॥ अरु जो कदापि ऐसाकहे कि सुषुप्ति विषे भी ज्ञानको अपने आपकरकेही अपना ज्ञेयपना है, सो भी बने नहीं, क्योंकि अभावस्थलविषे ज्ञान अरु ज्ञेयका भेद सिद्ध होता है ताते । अरु जिसकरके अभावरूप ज्ञेयको विषयकरने वाला जो ज्ञान तिसको अभावरूप ज्ञेयसे भिन्नहोने करके ज्ञेय अरु ज्ञानका भेद सिद्धहै ताते सो सिद्धभयाभेद 'मृतकके जि-लावनेवत्, पुनः विपरीत करनेको सैकड़ों विज्ञानवादियों से भी अशक्यहै ॥ अरु जो विज्ञानवादी ऐसाकहे कि ज्ञानको ज्ञेयपना

ही है । तो सो भी अन्यज्ञानकरकेही ज्ञेय होवेगा । अरु सो ज्ञान भी अन्य ज्ञानकरके ज्ञेयहोवेगा, ऐसे तुम्हारे पक्ष बिषे अनवस्था दोष होगा, सो भी बने नहीं । क्योंकि सर्ववस्तुके समूह के वि- भागका सम्भवहै ताते । अरु जिस पक्षबिषे सर्ववस्तुका समूह अपनेसे भिन्न किसी भी ज्ञानका ज्ञेयहै, तिस पक्षबिषे उक्त दोष है । अरु ऐसे जब हम मानतेहोयँ तब हमारे पक्षबिषे अनवस्था दोष होय । अरु जिसकरके ऐसे ज्ञानको विषयकरनेवाला ज्ञान रूप तीसराभाग हमों करके नहीं मानते हैं, किन्तु तिस ज्ञेयसे भिन्न जो ज्ञान सो ज्ञानही है अरु ज्ञानसों भिन्न जो ज्ञेय सो ज्ञेय ही है । इसप्रकार दूसरा विभागही हमोंकरके मानते हैं । ताते हमारे पक्षबिषे अनवस्थादोष सम्भवता नहीं ॥ अरु जो विज्ञान- वादी ऐसा कहै कि तुम्हारेमतबिषे जब ज्ञानरूप ब्रह्म आपही अ- पनेका विषय नहीं, तब ब्रह्मके सर्वज्ञपनेकी हानि होती है, सो दोष ऽ [अर्थात् जानने योग्य सर्ववस्तुके अज्ञानके होनेसेही सर्व- ज्ञताकी हानि होती है और प्रकारसे नहीं, अरु अन्यथा शशशृंग (खरगोशके सींग) आदि अत्यन्त असत्य पदार्थोंके अज्ञान से किसीके भी मतबिषे सर्वज्ञता नहीं होगी (अथवा सर्वज्ञता की हानि नहीं होगी) एतदर्थ हमारेमतबिषे तिस सर्वज्ञताकी हानि रूप दोषकीप्राप्तिनहीं, (क्योंकि ज्ञानस्वरूपको अपनाआप ज्ञेयत्व शशविषाणवत् है) किन्तु तिस विज्ञानवादी कोही उक्त दोषकी प्राप्तिहोतीहै । क्योंकि तिसविज्ञानवादीकरके ज्ञानकी अवश्यज्ञेय- रूपताका अंगीकार है ताते आप ज्ञान करकेही अपना ज्ञेयपना मान्याहै । अरु तिस अपने करके अपने ज्ञेयपनेको "अभावरूप ज्ञेयको विषयकरनेवाले ज्ञानको अभावरूप ज्ञेयसे भिन्नहोनेकरके, ज्ञेय अरु ज्ञानका अन्यपना सिद्धहै" सो पूर्व के ग्रन्थभाग बिषे दूषितहोने से अन्य ज्ञेयपने के अंगीकारसे सर्व्वज्ञताका असम्भव है ताते इस अभिप्राय से सिद्धान्ती कहे हैं [ऽ भी तिस विज्ञान वादीकोही होहु । हमको तिस मायिक सर्व्वज्ञपने के खण्डन

बिषे क्या दोष है, कुछ भी नहीं। अरु विज्ञानवादी के मत बिषे 'ज्ञान' ज्ञेयरूप है, एतदर्थ ज्ञानके ज्ञेयपने के अंगीकार से दूसरा अनवस्थारूप दोष भी अवश्यही होगा॥ क्योंकि विज्ञानवादी के मतबिषे ज्ञानको आपसे अज्ञेय होने करके अनवस्थारूप दोष अनिवार्य्य है [यहां यह अर्थ है कि विज्ञानवादी के मतबिषे ज्ञानको आपकरकेही आपका ज्ञेयपना मान्या है, तिसके असम्भवको "ज्ञेय अरु ज्ञानका पृथक्पना सिद्धहै" इस उक्त पूर्व्व ग्रन्थके भाग बिषे कथन किया होनेसे, परिशेष ते ज्ञानको अन्य ज्ञानके ज्ञेयपने के होनेसे तिस ज्ञानका भी अन्यज्ञाताहै, तिसका भी अन्यज्ञाता है। इसप्रकार प्राप्तभया जो अनवस्था दोष सो निवारणकरने को अशक्यही है] अरु जो ऐसाकहे कि तुम्हारे मतबिषे भी यह अनवस्थादोष तुल्यही है ऽ[अर्थात् हे सिद्धान्तिन्! तुम्हारे मतबिषे भी ज्ञानको अज्ञेयपने के हुये तिसके व्यवहारकी असिद्धिहोवेगी। अरुअन्यज्ञानके ज्ञेयपने के हुये अनवस्था होवेगी। इसअभिप्राय से वादी शंका करताहै] ऽ सो बने नहीं ऽ[हमारे मतबिषे ज्ञानको स्वप्रकाश होने करके आपही करके अपने व्यवहारकी सिद्धिहै ताते अरु ज्ञानके भेद के अंगीकार से अनवस्थादोषकी प्राप्ति नहीं है, इसअभिप्रायसे सिद्धान्ती समाधानकरताहै] ऽ क्योंकि ज्ञानकी एकताका सम्भवहै ताते। अरु सर्व्व देशकाल अरु पुरुषआदि अवस्थावाला एकही ज्ञान, नाम रूपादि अनेक उपाधियों के भेदसे 'सूर्य्यादिकों के जलादि उपाधिगत प्रतिबिम्बवत्, अनेक प्रकारका भासताहै, एतदर्थ हमारे मतबिषे यह अनवस्था दोष नहीं है॥ अरु तैसेही चैतन्य के नित्यपने करके अधिष्ठानपना सिद्धहै तिसके हुये इस श्रुतिबिषे यह षोड़शकलाका आरोप करते हैं॥ ननु॥ इस श्रुतिसे मृत्तिका के पात्रबिषे बदरी (बेर) के फलवत् इसही शरीर के भीतर परिच्छिन्न पुरुष है सो नित्य कैसे सम्भवे, अर्त्थात् सम्भवता नहीं। सो कथनबने नहीं। क्योंकि सो प्राणादिकलाका कारण

है ताते । अरु जिसकरके शरीरमात्रकरके परिच्छिन्न प्राण को श्रद्धाआदिक कलाका कारणपना निश्चयकरने को शक्य नहीं है। एतदर्थ सो पुरुषही सर्व कलाका कारणहै । अरु जिसकरके सो सर्व कलाका कारणहै, ताते शरीर को कलाका कार्य होनेसे सो शरीर पुरुषकी कार्यकला तिसका कार्यरूप अपनी उत्पत्ति से पूर्व अविद्यमान आप शरीर सो अपनेविषे अपने कारणके कारण पुरुषको मृत्तिकाके पात्रबिषे बदरीफलवत् परिच्छिन्न करनेको समर्थ होवेनहीं ॥ अरु जो कहे कि जैसे बीजका कार्य वृक्ष अरु तिसका कार्य आम्रादि फल, सो अपने कारणके कारण बीजको अपने भीतर करनेकरके परिच्छिन्न करता है । तैसे शरीर जो है सो अपने कारणके कारण पुरुषको भी अपने भीतर करनेकरके परिच्छिन्न करताहै । सो कथनबने नहीं । क्योंकि फलका कारण वृक्ष तिसकी उत्पत्तिका कारण जो बीज तिसबीजकी अरु फल के अन्तर्गत बीजकी व्यक्तिका भेद है तिस भेदकरके, अरु बीज सावयव होताहै ताते, अरु पुरुषकी व्यक्तिकी एकताहै ताते अरु पुरुषको निरवयवता है ताते, [फल अरु बी .की व्यक्तिके भेदसे इस दृष्टान्तगत प्रथम हेतुको यहां वर्णन करते हैं] दृष्टान्तविषे कारणरूप बीजसे अन्यहीबीज वृक्षके फल से आवृत्तहै । अरु दार्ष्टान्तविषे तो अपने कारणका कारणरूप सोई पुरुष शरीर के भीतरकिया सुनते हैं । [अब बीजको सावयवहोने से इस दृष्टान्तगत द्वितीय हेतुको वर्णन करते हैं । यहां यह रहस्यहै कि दृष्टान्त विषे यद्यपि कारणरूप बीजकेही वृक्ष अरु तिसके फल अरु तिस फलके अन्तर्गत बीजरू.से परिणामते तिन कारण अरु कार्य रूप बीजकी व्यक्तिभेदके होते भी एकताहै तथापि तिसका कारणरूप बीजको सावयव होनेसे वृक्षवत् फलके आकारसे परिणामको प्राप्तभये अवयवन से भिन्न जो अवयवहैं, तिनकेही तिस फलके अन्तर्गत बीजरूप से परिणामते उन बीजों का भेदकरके फलका अरु तिसके अन्तर्गत बीजका आधार आधेयभाव होता

है। अरु यहां दार्ष्टान्तविषे तो पुरुषको निरवयव होनेसे शरीर का अरु पुरुषका आधाराधेयभाव बने नहीं] किंवा बीज अरु वृक्ष आदिकों को सावयवहोने से उनका परस्पर आधार अरु आधेयभाव बने है अरु पुरुष निरवयव है अरु कला अरु शरीर सावयव हैं, एतदर्थ तिनका परस्पर आधाराधेय भाव बने नहीं। अरु जब इस हेतु करके आकाशका भी आधारपना शरीर को अघटित है, तब आकाश के कारण पुरुष का आधारपना शरीर को अघटित होय इसमें क्या कहना है, किन्तु कुछ भी नहीं। ताते हे वादी! तैंने जो बीजका दृष्टान्त दिया सो दार्ष्टान्तके समान नहीं, किन्तु विषम है। अरु जो ऐसा कहे कि दृष्टान्तसे क्या प्रयोजन है प्रमाणरूप श्रुतिके वाक्य करके ही पुरुष को परिच्छिन्नपना होवेगा। सो भी बने नहीं। क्योंकि वाक्यको कारकताका अभाव है। अरु जिस करके श्रुतिका वचन वस्तु के अन्यथाकरनेविषे समर्थ होतानहीं, किन्तु जैसा अर्थ होय तैसे अर्थके प्रकाशने विषे समर्थ होताहै, ताते "। इहैवान्तःशरीरे सौम्य सपुरुषो" (शरीर के भीतर सो पुरुष है) यह जो श्रुतिका वचन है सो अंडके भीतर आकाश है, इस वाक्य के अर्थवत् जानना। अरु ज्ञानका निमित्त होनेसे दर्शन श्रवण मनन अरु विज्ञान आदिक लिंगोंसे शरीरके भीतर परिच्छिन्नवत् प्रतीतहोता है। एतदर्थ। हे सौम्य! शरीरके भीतर सो पुरुषहै। इसप्रकार कहते हैं। अरु पुनः आकाशका कारण हुआ मृत्तिका के पात्रसे बदरीफलवत् शरीर करके परिच्छिन्न पुरुष है, इसप्रकार तो मूढ पुरुष भी मनसे भी कहने को इच्छा करता नहीं, तब प्रमाण भूत श्रुति कहने को न इच्छा करती होय, इसमें क्या कहना है ननु "। यस्मिन्नेता षोडशकलाः प्रभवन्ति" (जिस विषे यहषोड़श कला उपजती हैं) इसप्रकार द्वितीय वाक्य विषे पुरुषके विशेषणार्थ अध्यारोप कहा है, पुनः "। सईक्षाञ्चक्रे" (सो ईक्षणको करताभया) इत्यादिरूप तृतीयवाक्यसे जो कलाकी उत्पत्तिका

कथन सुना है, सो यद्यपि अधिक अर्थ भी है, तथापि कलाकी उत्पत्ति किसक्रम से होती है, इस अर्थके जानने के प्रयोजन से "सईक्षाञ्चक्रे" (सो ईक्षणको करता भया) इत्यादिरूप यह अधिक अर्थ भी कहते हैं। अरु चेतन पूर्वकही प्राणादि कलारूप सृष्टिहोती है, इसअर्थ के जनावने को चेतन के आश्रित ईक्षण (अवलोकन) का कथन है। इसप्रकार शंकासमाधानरूप उपोद्घात [अर्थात्, अन्यके गृहसे गोरस के मांगनेवाली स्त्रीवत् प्रतिपादन करने के योग्य अर्थको मनमें रखके तिसके अर्थ अन्य अर्थका जो प्रतिपादन तिसको , उपोद्घात, कहते हैं] को कहके अब तृतीय वाक्यके अर्थको कहते हैं। हे सौम्य ! जो षोड़श कलावाला पुरुष भारद्वाज के पुत्रसुकेशा नाममुनिने पूछाथा कि "सईक्षाञ्चक्रे। कस्मिन्नहमुत्क्रान्त उत्क्रान्तोभविष्यामिकस्मिन् वा प्रतिष्ठिते प्रतिष्ठास्यामीति" (सो किसकेनिकसेहुये मैं निकस्या होउंगा वा किसके स्थितहुये स्थितिको प्राप्तहोउंगा। ऐसे ईक्षण को करताहुआ) अर्थात् सो किस कर्त्ता विशेष के देहसे निकसे हुये मैं निकस्या होउंगा अरु किसके शरीरबिषे स्थितहुयेमैंस्थिति को प्राप्त होउंगा, इसप्रकार प्राणादिक की सृष्टिके शरीरसे बाहर निकसने अरु शरीर के भीतर स्थित होने रूप फलको। अरु "प्राणाच्छ्रद्धा" (प्राणसे श्रद्धाको रचता भया) इत्यादिरूपक्रम आदिकको [यहांआदि शब्दसे "लोकोंबिषे नामको रचताभया" यह आधार अरु आधेय का भेद ग्रहण करते हैं] विषयकरनेवाले ईक्षण (ज्ञान) को करता भया ॥ इति सिद्धम्। ३। ६२ ॥

४ ॥ हे सौम्य ! यहां यह सांख्यमत के अनुसारी वादियों की शंकाहै ॥ ननु ॥ आत्मा अकर्त्ता है अरु प्रधान (प्रकृति) कर्त्ता है, एतदर्थ पुरुषके भोग मोक्षमय अर्थरूप प्रयोजनको अंगीकार करके प्रधान जो है,सो महत्तत्त्वादिरूप आकारसे प्रवृत्त होताहै। तहां यह पुरुषको स्वतन्त्रता करके ईक्षणपूर्वक कर्त्तापने का जो वचन है सो अघटितहै । किंवा सत्त्वादि गुणोंकी साम्यावस्था

स प्राणमसृजत प्राणाच्छ्रद्धां खं वायुर्ज्योतिरापः पृथिवीन्द्रियम् । मनोऽन्नमन्नाद्वीर्यं तपो मन्त्राः कर्म लोका लोकेषु च नाम च ४ । ६३ ॥

(मिश्रअवस्था) मय प्रमाण प्रतिपादित प्रधानरूप सृष्टिकर्त्ताके होतसंते । अथवा परमाणु कारणवादी के मतानुसार ईश्वरेच्छा के अनुवर्त्ती सृष्टिका कारण परमाणुके होतसंते । आत्माको कर्त्तापनेके अंगीकार करने से [समीचीन नहीं क्योंकि] आत्माको एक अद्वैत होनेसे ,जैसे कुलालरूप कर्त्ताके दंडचक्रादि सहकारी साधनवत्, सहकारी साधनका अभावहै, ताते दुःखादि अनर्थ के हेतु जे प्राणादिक संसार तिसके कर्त्तापने का असंभवहै एतदर्थ आत्माको सृष्टिके कर्त्तापने का जो वचनहै सो अघटितहै । अरु जिसकरके प्रत्यक्ष चेतनावान् बुद्धिपूर्वक कार्यका कर्त्ता पुरुष सो अपने अर्थ अनर्थको करता नहीं । एतदर्थ भी [ज्ञानस्वरूपआत्माको] अनर्थरूप संसारके कर्त्तापनेबिषे प्रवृत्तहोना संभवै नहीं । एतदर्थही पुरुषके भोग मोक्षमय प्रयोजनसे ईक्षणपूर्वकवत् नियमित क्रमकरके वर्त्तमान अचेतन प्रधानबिषे 'जैसे राजाके सर्व अर्थके करनेवाले मंत्री आदिकोंबिषे ,यहराजाहै, इसआरोपवत्‍ 'स ईक्षाञ्चक्रे' सोईक्षणको करताभया' इत्यादि रूप यह चेतनवत् आरोपहै । [अर्थात्, 'जैसे' बालकविषे पीतरंग करके युक्तारूप गुणके योगसे अग्निशब्दका प्रयोगहै तद्वत्, मुख्य ईक्षणके कर्त्ता बिषे विद्यमान जे नियमित क्रमकरके प्रवर्त्तमान होने रूप गुण तिसके योगसे 'स ईक्षाञ्चक्रे' 'सो ईक्षणको करताभया' ऐसा प्रधानबिषे गौणप्रयोगहै सोई उपचार अरु आरोप कहतेहैं] यह सांख्यवादियों का कथन है । सो बने नहीं ॥ क्योंकि आत्माको भोक्तापनेवत् कर्त्तापनेका सम्भव है ताते । अरु जैसे सांख्यवादी के मत बिषे चेतनमात्र अपरिणामी आत्मा का भी भोक्तापना मानते हैं, तिसप्रकार वेदवादी हमारे मतबिषेस्वरूप से अकर्त्ता

हुये आत्माको भी मायारूप उपाधिका किया श्रुति उक्तप्रमाण से जगत्का कर्त्तापना घटित है॥ अरु जो सांख्यवादी ऐसा कहै कि हमारे मतबिषे आत्माको अन्य महदादितत्त्व के स्वरूप की प्राप्ति रूप परिणाम से आत्मा की अनित्यता, अशुद्धता, अनेकता के निमित्त जे चेतनमात्र जे स्वरूपका विकार तिस विकार से पुरुष के स्वरूपबिषेही भोक्तापना तिसके होनेसे चेतनमात्र जो स्वरूप का विकार (अविवेक रो परिणाम) सो दोषके अर्थ नहीं। अरु तुम्हारे वेदवादियों के मतबिषे आत्माको सृष्टिका कर्त्तापनाहोने से आत्माका अन्य तत्त्वके स्वरूपकी प्राप्तिरूप परिणामही होता है। एतदर्थ आत्मा को अनित्यता आदि सर्व्व दोषों की प्राप्ति होयगी ८[पूर्व्वरूपके परित्यागसे अन्यरूपकी जो प्राप्ति तिसको परिणाम कहते हैं सो परिणाम सजातीय अन्यरूपकी प्राप्ति के हुये, अथवा विजातीय अन्यरूप की प्राप्तिकेहुये अनित्यता आदि दोषोंको सम्पादन करताही है। एतदर्थ भोज्य (भोगनेयोग्य) के अविवेकरूप उपाधि का किया आत्माका भोक्तापना मानना योग्यहै। तिसकारण करके तिस भोज्यके अविवेकरूप उपाधिसे रचितपना सो तिस परिणाम के कर्त्तापने बिषे भी तुल्यही है। इस अभिप्रायसे भाष्यकाराचार्य्य मुख्य समाधानको कहते हैं यहां यह भावहै कि परमात्मारूप पुरुषको उपाधिकृत जो कर्त्तापनेका सम्भवहै ताते। अरु भ्रान्तिकरके इस परमात्मा से भिन्न अपूर्णकाम जीवों का सम्भव है ताते तिनके पुरुषार्थरूप प्रयोजनका सृष्टापना तिसही प्रकार के चेतनरूप पुरुषको भी बनता है। एतदर्थ चेतनरूप अधिष्ठानवाले अचेतनरूप प्रधानको सो जीवों के भोग मोक्षमय पुरुषार्थरूप प्रयोजन का सृजतापना युक्त नहीं]२ यह जो सांख्यवादियों का कथन सो बने नहीं। क्योंकि हमारे मत बिषे वास्तव में सहकारी साधन रहित अ-कर्त्ता आप्तकाम, एक अद्वैत आत्मा को भी अविद्यारूप सह-कारी के आश्रय नामरूपात्मक उपाधि अरु अनुपाधि के किये

भेदका अंगीकार है, तिसकरके आत्मा को नामरूप उपाधिका क्रियाही बन्ध मोक्ष अरु तिनके साधनरूप शास्त्रोक्त व्यवहारादिक विशेष मानते हैं। अरु परमार्थ दृष्टिसे अनुपाधिका क्रिया एकही अद्वितीय शुद्ध अरु सूक्ष्मबुद्धि से ग्रहण करने योग्य, अरु सर्व तर्कयुक्त बुद्धियोंका अविषय, अभय अरु शिव (कल्याण) रूपतत्त्व मानते हैं । तिसविषे कर्त्तापना किंवा भोक्तापना अरु क्रिया अरु कारकका फल नहीं है। क्योंकि सर्व पदार्थोंको अद्वैत रूपता है ताते ॥ हे सौम्य ! सांख्यवादी तो वेदसे बाहर बोलने वाले होनेसे पुरुषबिषे अविद्यासे आरोपितही कर्त्तापना अरुक्रिया कारकका फल है, ऐसे कल्पिके पुनः तिससे भयको प्राप्त होते हुये परमार्थसेही पुरुषके भोक्तापनेको इच्छते हैं। अरु पुरुष से अन्यतत्त्व प्रधान को परमार्थ वस्तुरूपही कल्पतेहुये । अरु सांख्य वादियोंसे अन्य जे जैनादिक सो नैयायिकोंकरके शिक्षाको प्राप्त भई बुद्धिवालेहुये अपने मतके खंडनको पावते हैं। अरु तैसेही जैनादिकोंसे अन्य जे नैयायिक हैं सो सांख्यवादियोंकरके अपने मतके खंडनको प्राप्त होतेहैं ॥ हे सौम्य ! इसप्रकार परस्पर विरुद्धअर्थकी कल्पनाकरनेसे मांसके अर्थी (श्वानशिकरादि) जीवों वत् परस्पर विरुद्ध क्रुद्धभये भेदरूप अर्थकेही देखनेवालेहुये तिस करके परमार्थ तत्त्वकी ओर से दूरसे दूरही खींचेगये हैं, ताते यथार्थ निरुपाधि शुद्ध आत्मतत्त्व के अबोधसे। दूरात् सुदूरे । दूरसे दूरही चलेजाते हैं । एतदर्थ जे मुमुक्षु पुरुष हैं सो उनके मतको अनादर पूर्वक त्यागके वेदान्त अर्थ के तत्त्वरूप एकताके ज्ञानको (श्रद्धा विश्वासपूर्वक) आदरदेनेवाले होयँ। इसप्रयोजनके लिये हमों (वेदवादियों) करके इनतर्क करनेवाले सांख्य वादियोंके मतबिषे कुछ दोषका दर्शन देखावते हैं, उनके मतको खंडन करनेके तात्पर्य से नहीं। तैसे यहां यह अर्थ शास्त्रान्तर बिषे कहाहै तथाच । विवदन् स्वऽवनिदिप्य विरोधोद्भवकारणम् । तैः संरक्षितसद्बुद्धिःसुखंनिर्यातिवेदवित् । (वेदवेत्ता जो है, उनवा-

दियों से विवाद को करताहुआ चिदाकाशबिषे विरोधकी उत्पत्ति के कारण (परमार्थसे भेददर्शन) को छोड़के रक्षाको प्राप्त भई बुद्धिवाला हुआ । अर्थात् ऽ [भेददर्शनको परस्परवादियों से उक्तदोषकरके ग्रस्तहोनेसे अद्वैतही निर्दोषहै ऐसे निश्चयवालीबुद्धि करके युक्तहुआ] ऽ सर्वविकल्पसे शान्त होताहै, किंवा ऽ ['कुछ दोषकादर्शन देखावतेहैं' तिसहीको वर्णनकरतेहुये,कर्त्तापनेआदिकोंका आरोपितपनाही सांख्यवादियोंकरके भी कहनायोग्यहै ऐसा कहतेहैं] ऽ तुम्हारे सांख्यमतबिषे भोक्तापने अरुकर्त्तापनेरूपदोनों विकारोंकेविलक्षणपनेकाअसंभवहै, एतदर्थ पुरुषबिषे यहकर्त्तापने रूपजातिसे अन्य जातिरूप भोक्तापनेकरकेयुक्त विकारकौनहै, कि जिसकरके पुरुष भोक्ताहीहै कर्त्तानहीं । अरु प्रधान तो कर्त्ताहीहै भोक्तानहीं, इसप्रकार तुमकरके कल्पना करतेहौ सोकहो ॥ ननु, भोक्ता अरु चैतन्यमात्र स्वरूपही जोपुरुषहै, सो अपने चेतनरूपसे ही विकारको पावताहै, अन्यतत्त्वरूप परिणामसे नहीं । अरुप्रधान तो अन्यतत्त्वोंके परिणामसे विकारको पावता है, एतदर्थ सो प्रधान, अनेकरूप है अशुद्धहै अरुजड़है, ताते विलक्षण एकशुद्ध अरुचैतन्यरूप पुरुषहै । एतदर्थ उनदोनोंके भिन्न २ धर्मरूप कर्त्तापने अरुभोक्तापनेकाभी विलक्षणपना है, यहसांख्यवादीने कहा ऽ [पुरुषका चैतन्यरूपसे परिणाम जो तैंनेकहा सो क्याआगन्तुक (उत्पत्तिनाशवाला) है, वा नहीं, तहां जो द्वितीयपक्ष है तो तिसपक्षबिषे कर्मजन्य कदाचित् होनेवाला भोग असिद्धहोयगा अरु प्रथम पक्षकहै तो तिस पक्षबिषे आगन्तुक विलक्षणतावाला होनेसे अनित्यता आदिककी प्राप्तिसे पुरुषकाप्रधानसे कुछविशेष नहींहै ॥ अरु जो ऐसाकहै कि भोगके अनन्तर पुरुषको पुनःअपने स्वरूपसेही स्थितहोनेसे अनित्यता आदि दोषनहीं है, तब प्रधानको भी प्रलयबिषे 'विशेषके अभावसे, अपने स्वरूप करकेही स्थितिके अंगीकार करने से तिसका विशेष न होगा । इसप्रकार अब सिद्धान्ति दूषण देतें हैं ॥] ऽ तब तहां सिद्धान्तिकहे हैं यह

विशेष बनेनहीं, क्योंकि भोगकी उत्पत्तिसे पूर्वप्रधान अरु पुरुषके विकारकेभेदको कथनमात्रताही है ताते । ऽ [संक्षेपसे कथनकिये वाक्यका यहां वर्णन करते हैं] ऽ जबकेवल चैतन्यमात्र पुरुषको भोगकी उत्पत्तिकालबिषे भोक्तापना विशेषहोताहै, अरुजबभोगके निवृत्तभये पश्चात् तिस (भोक्तापनारूप) विशेषसेरहित पुरुष चैतन्यमात्रही होताहै, तबप्रधानभी तैसेही महत्तत्वादि आकार से परिणामको पाय पश्चात् प्रलयकालबिषे तिस (महत्तत्वादि) आकारको छोड़के प्रधानरूपसे स्थितहोताहै, इसरीतिसे चैतन्य रूपसे पुरुषके विकारकी कल्पनाबिषे भी विचार कियेहुये अर्थ से प्रधानका अरु पुरुषका कुछभी विशेषनहीं देखते हैं । एतदर्थ सांख्यवादियों करके प्रधान अरु पुरुषका विशेष (विलक्षणविकार) अर्थात् दोनोंका पृथक् २ विलक्षणरूप विकारहै, इसप्रकारवाणी मात्रसेही कहाजाताहै परन्तु सोसिद्धहोतानहीं॥ऽ[पुरुषकाचैतन्य रूपसे जो परिणामहै सो आगन्तुकअन्यरूपनहीं । इसप्रकार पूर्वोक्त दोनोंपक्षोंमें से द्वितीय पक्षको मानिकै वादीकी शंकाहै]ऽ अरु जो ऐसाकहै कि भोगकाल बिषे भी 'भोगसे पूर्ववत्, चैतन्यमात्रहीपुरुषहै तिसका कदाचित् होनेवाला अन्यरूप नहीं, एतदर्थ प्रधान से विशेष (विलक्षण) है सो कहनाबने नहीं । क्योंकि जब इसप्रकार मानेंगे तब पुरुषको परमार्थ से भोग होयगा । अरु कर्मसे जन्य जो कदाचित् होनेवाला भोग सो असिद्ध होगा । ऽ[इसदोषके निवारणार्थ आगन्तुक परिणामको मानिकै भोगकाल सम्बन्धी विकारमात्र भोगहै । सो भोग पुरुषकोही होताहै प्रधानको नहीं । इसप्रकार भोगके सद्भावरूप विशेषमात्र से वादीकी शंकाहै]ऽ अरु जो कहे भोगकाल बिषे चैतन्यमात्र पुरुषका विकार परमार्थरूपही है तिनकरके सो भोगकालसम्बन्धी विकारमात्र भोग पुरुषकोही होताहै,प्रधानको नहीं । एतदर्थ भोग के सद्भाव अरु असद्भावकरके प्रधान अरु पुरुष का विशेष (भेद) है तहांभी क्या भोगकाल सम्बन्धी विकारमात्र भोगहै, किंवा

भोगकाल सम्बन्धी चैतन्यमात्रगत विकारवान्पना भोगहै, इस प्रकार विकल्प करिके, प्रथम पक्षबिषे भोगकालमें प्रधानको भी सुखादिक आकार से बिकारवाला होनेसे भोग होयगा, इस प्रकार सिद्धान्ती कहतेहैं]ऽ सो बने नहीं, । क्योंकि इसप्रकारहोनेसे भोगकालबिषे प्रधानकोभी सुखादि आकारसे विकारवान् होनेसे भोक्तापनेकी प्राप्तिहोयगी ॥ ऽ[अब द्वितीयपक्षानुसार वादी की शङ्काहै] ऽ अरु ऐसा कहे कि चैतन्यमात्रकाही जो विकार सो भोक्तापनाहै, तब उष्णतारूप विकारसे असाधारण धर्मवाले अर्थात् अग्निका असाधारण धर्म उष्णताहै, तिसधर्मवाले अग्नि आदिकोंके अभोक्तापने बिषे कारणका असंभवहोगा, अर्थात् अपने असाधारण विकारवाले अग्निआदिकोंको भी भोक्तापने की प्राप्तिहोगी ॥ अरु जो ऐसाकहे कि प्रधान अरु पुरुष इन दोनोंको एककाल बिषे भोक्तापना है सोभी बने नहीं। क्योंकि प्रधान को परमार्थरूपताका अभावहै ताते पुरुषके समान पारमार्थिक भोक्तापना असिद्ध है । अरु दोनोंको भोक्ताहुये परस्परके प्रकाशने बिषे दोनों प्रकाशनेके गुण-प्रधानभाव के असंभववत्,प्रधान अरु पुरुषका अन्योऽन्य गुणप्रधानभाव (शेषशेषीभाव) जो पूर्व अंगीकार किया है तिसका असंभवहोगा॥ अरु ऽ[ननु । भोग जो सो सत्त्वगुण प्रधान चित्तरूप से परिणामको प्राप्तभई प्रकृति तिसकाही धर्म है । क्योंकि तिस चित्तको प्रकृति का विकार होनेका संभव है ताते । अरु पुरुषका धर्म नहीं क्योंकि सो पुरुष अविकारीहै ताते।अरु तिसपुरुषको भोगकेअभावका प्रसंगनहीं । क्योंकि तिसपुरुषको तिसप्रकारके चित्तके प्रतिबिम्बकेतत्त्व (निजरूपता) मात्रसे भोक्तापने का कथनहोता है, इसप्रकार वादी शंकाकरैहै] ऽ जो कहै कि भोगरूप धर्मवाले मुख्य सत्त्वगुणकरके युक्त जोचित्त तिसविषे पुरुष के चेतनपने के प्रतिबिम्बरूप से निर्विकाररूपकोभी भोक्तापनाहै । सोभी बने,नहीं। क्योंकि जब इसतेरेकहे प्रकारहै तब पुरुषको परमार्थसे सुखदुःखादि भोगरूप अ

र्थका अभावभया तब तिसकरके किसकी निवृत्तिके अर्थ पुरुषके मोक्षकासाधन शास्त्ररचते हैं, किन्तु किसीकेभी निवृत्त्यर्थ नहीं ॥ अरु जो ऐसाकहे कि परमार्थसे यद्यपि पुरुषको अनर्थका अभाव है, तथापि अविद्याकरके आत्मा विषे आरोपितजे अनर्थ तिसकी निवृत्तिके अर्थ शास्त्रकी रचनाहै। तब, परमार्थसे पुरुषभोक्ताहीहै, कर्त्ता नहीं; अरु प्रधान कर्त्ताही है भोक्तानहीं, अरु परमार्थ करके पुरुषसे अन्य वस्तु सत्रूप प्रधानहै, इस प्रकारकी जो यह सांख्य मतवादियों की कल्पना सो; वेदबाह्य व्यर्थ अरु निष्प्रयोजन है। एतदर्थ मुमुक्षुओं करके आदरकरने योग्य नहीं ॥ अरु जो सांख्य वादी ऐसा कहे कि तुम वेदवादियोंके सर्वकी एकतारूप पक्ष विषे भी निवारण करनेयोग्य बन्धकाअभाव है, ताते शास्त्रकी रचना आदिक मोक्षके साधनकी व्यर्थताहै। सोभी बनेनहीं, क्योंकि आत्माकी एकताके निश्चय अनुभववाले पुरुषसे विपरीत जे अज्ञानी पुरुष तिनके प्रतिदोषके सम्पादन करनेकाअभाव है ताते। अरु जिसकरके शास्त्रकर्त्ता आदिक अरु तिसके फलकेअर्थी पुरुषों विषे शास्त्रकी रचना निष्प्रयोजनहै वा सप्रयोजनहै, इसप्रकारकी सो कल्पनाहोय। अरु आत्माकी एकता के निश्चय कियेहुये शास्त्रके कर्त्ताआदिक पुरुष, तिस आत्मासे भिन्न नहींहै। अरु तिनशास्त्र कर्त्ता आदिकोंके अभावहुये, यह शास्त्रकी रचना सप्रयोजनहै वा निष्प्रयोजन है, ऐसी यह कल्पना अघटितहै ऽ [अथवा तिसएकताके निश्चयके अभाव होनेसे निवारण करनेयोग्य जे बन्धनादिक तिनके सद्भावसे बन्धकी निवृत्तिके अर्थ यह शास्त्रकी कल्पनाअघटितनहीं? किंवा आत्माकी एकताके निश्चयहुये, तिस निश्चयका उत्पादक होनेसे तिसशास्त्रकी प्रयोजनसहित ताको अपने अनुभवकरके सिद्धहोनेसे, तिसआत्माकी एकता के निश्चय अनुभव वाले पुरुषकरके यह शङ्का करनेकोभी शक्य नहीं, इस प्रकार अब कहतेहैं] ऽ अरु जिसकरके आत्माकी एकता को माननेवाले तुम करके आत्मा की एकताके निश्चय किये हुये शास्त्ररूपप्रमाण का

प्रयोजन अंगीकार किया, एतदर्थ शास्त्रसप्रयोजनहै किंवा अप्रयो
जनहै, यह शङ्का करनेकोभी अशक्यहै । अरु तिसआत्माकी एकत
के निश्चय कियेहुये कल्पना का असम्भवहै । इस अर्थको "यत्र
स्यसर्व्वमात्मैवाभूत्तत्केन कं पश्येदित्यादि । < जहां (जिस वि
ज्ञानदशा बिषे) तो इसपुरुषको सर्व्वआत्माही होताभया, तहां
किसकरके किसको देखे, इत्यादि । > यह शास्त्र कहता है । अरु
"यत्र हि द्वैतमिव भवति तदितर इतरं पश्यति इत्यादि । < जहां
द्वैतवत् होताहै तहां अन्य अन्यको देखता है > इत्यादि रूप यह
बृहदारण्यक उपनिषद्रूप शास्त्र, अज्ञानी के बिषे शास्त्रकी रचना
आदिकके सम्भवको कहता है । अरु । अविभक्ते विद्याऽविद्ये पर
परे । < पर अरु अपररूप विद्या अरु अविद्या भिन्नरूप है > इत्यादि
शास्त्रके आदि बिषेही विद्या अरुअविद्याका भेद सूचित किया है
एतदर्थ वेदान्तशास्त्ररूप प्रमाण महाराजा की युक्तिरूप भुज
करके रक्षित इसआत्माकी अभेद एकतारूप देशबिषे तार्किकम
के वाद रूपशस्त्रकरके युक्त योद्धोंका प्रवेश कदापि होता नहीं ॥
हे सौम्य ! इसप्रकार के कथन करके ब्रह्म को अविद्याकृत नाम
रूपउपाधिकरके रचित अनेक शक्ति अरु साधनके किये अने
पनेकेसद्भावसे, ब्रह्मको सृष्टिआदिकोंके कर्त्तापने बिषे < दंडचक्रादि
वत्, साधनका अभावरूपदोष अरु अपने आप के अर्थ अन
का कर्त्तापना आदि दोष जो पूर्व सांख्यमतवादीने कहाथा, ति
सका खंडनभया जानना ॥ अरु सांख्यवादीने जो पूर्व दृष्टान्त
कहाथा कि, जैसे, राजा के सर्वकार्यके कर्त्ता कार्याध्यक्ष बिषे उप
चारसे, "यह राजा के कार्यका कर्त्ता राजा है," इस प्रकार कहते
हैं, सो दृष्टान्त यहां बने नहीं । क्योंकि । स ईक्षाञ्चक्रे । < सोई
क्षणको करताभया > । इसप्रमाणरूप श्रुतिके मुख्य अर्थका बाधि
है ताते । अरु < यजमानपाषाणहै > इत्यादि स्थल बिषे जहां शब्द
का मुख्यार्थ संभवे नहीं, तहांहीं शब्दकी गौणीवृत्तिकी कल्पना
रूप उपचार देखा है । अरु यहां प्रधानके पक्षबिषे तो > अर्थात्

८ [प्रधानके पक्षबिषे केवल ईक्षणकी प्रतिपादक श्रुतिका असंभव-रूप दोषहै, ऐसे नहीं, किंतु वास्तवसे तो तिसको जगत्का सृष्टापना भी संभवता नहीं, ऐसे अब कहते हैं। यहां यह अर्थ है कि प्रधानकी मुक्तपुरुष को छोड़के बद्धपुरुषों के प्रतिही प्रवृत्ति अरु कर्त्ता कर्म आदिक की अपेक्षा से बन्ध अरु मोक्ष आदि शब्दके वाच्य भोग मोक्षके अर्थ नियमित प्रवृत्ति संभवे नहीं। इस कथन करके पुरुष के अर्थ भोग मोक्ष मय अर्थ रूप प्रयोजन को अंगीकार करके प्रधान प्रवृत्त होता है। इसप्रकार जो पूर्व शङ्काके अवसर बिषे सांख्यवादीने कहारहा सो खंडनकिया] > अचेतनरूप प्रधानकी मुक्त अरु बद्धपुरुषों की अपेक्षा से, अरु कर्त्ता कर्मदेश अरु कालरूप निमित्तकी अपेक्षासे पुरुषके प्रतिबंध अरु मोक्ष आदिक फलके अर्थ नियमित प्रवृत्ति बने नहीं। अरु हमों करके उक्त सर्वज्ञ ईश्वरके कर्त्तापने बिषे तो उक्त प्रवृत्ति बने है॥ इसप्रकार वादीके पक्षको खंडन करके, अब श्रुतिके व्याख्यानको कहतेहुये। स प्राणमसृजत। <सो प्राणको सृजता भया> इस वाक्यके तात्पर्य रूप अर्थको कहते हैं। ईश्वररूप पुरुषकरके, राजावत, सर्वकार्यबिषे अधिकारी, ऐसाप्राण सृजाजाताहै। ऐसे तात्पर्यार्थ को कहके अब प्रश्नपूर्वक अक्षरार्थ को कहतेहैं॥प्र०॥ हे भगवन्! कैसे सृजता भया॥ उ०॥। सप्राणमसृजत। < सो प्राणको सृजता भया> सो पुरुष, उक्त प्रकार से त्रिकालवर्त्ति वस्तुओंको विषयकरनेवाले ज्ञानरूप ईक्षणको करके सर्वके प्राणमय (समष्टिप्राणरूप) हिरण्यगर्भनामवाले सर्व प्राणियों के करणों (इन्द्रियों) के आधाररूप अन्तरात्माको सृजता भया। अरु ९। प्राणाच्छ्रद्धा। < प्राणसे श्रद्धा > ९ इसप्राणसे सर्व प्राणियोंकी शुभकर्म बिषे प्रवृत्तिकी कारणरूप श्रद्धाको सृजता भया। तिसके पश्चात् कर्मफलके उपभोगके साधनरूपदेहके अधिष्ठान-अरु कारणरूप पंचीकृत पंचमहाभूतोंको सृजताभया। तहां। खं वायुर्ज्योतिरापः पृथिवी। < आकाश वायु ज्योति जल पृथिवी

(को सृजताभया) > ऽ शब्दगुणवाले आकाश को, अरु अपने
गुण स्पर्श अरु कारण के गुणशब्दकरके युक्त दोगुणवाले वायुको,
अरु तैसेही अपने गुणरूप अरु कारणके गुणशब्द अरु स्पर्शकरके
युक्त तीनगुणवाले तेज (अग्नि) को, अरु तैसेही अपनेगुण रस
अरु कारण के गुण शब्द स्पर्श अरु रूपकरके युक्त चार गुणवाले
जलको, अरु तैसेही अपने गुग गंध अरु कारण के गुणशब्द
स्पर्श रूप रस, इनसर्वके मिलनेकरके पांचगुणवाली पृथिवी को
सृजताभया । अरु ८ । इन्द्रियम् । मनोऽन्नमन्नाद्वीर्य ।< इन्द्रियोंको
मनको अन्नको अरु वीर्यको (सृजताभया) > ऽ तैसेही तिनहीं के
पंचभूतों से अपंचीकृत अवस्था बिषे ज्ञानके अर्थ अरु कर्मके अर्थ
दशसंख्यावाले दोप्रकारके अर्थात् ज्ञानके अर्थ पांच ज्ञानेन्द्रिय
को अरु कर्मकेअर्थ पांचकर्मेन्द्रियको,अरु तिन इन्द्रियोंके नियाम
कशरीरबिषे स्थितसंशय अरु संकल्प विकल्पादि लक्षणवाले मन
कोसृजताभया। अरु इसही प्रकार प्राणियोंके कार्य अरु कारणको
सृजके तिनकी स्थिति के अर्थ ब्रीहि (तंडुलधान्य) अरु यव
आदिरूप अन्नको सृजताभया । तिसके पश्चात् उस अन्न को
भोजन कियेहुयेसे, सर्वकर्म बिषे प्रवृत्तिके साधन वीर्य्य (बल) को
सृजताभया। अरु ऽ । तपो मन्त्राः कर्म लोकालोकेषु च नाम
च । <तपको मन्त्रोंको लोकको लोकबिषे नामको (सृजताभया)>
अन्तःकरणकी अशुद्धता करके भया जो पापाचरण तिन पापों
करके संकरता (मिश्रभाव) को प्राप्तभये तिस बलवाले प्राणि
योंके संकरताके निवारणार्थ चित्तशुद्धिके साधन तपको सृजत
भया अरु तिन तपसे शुद्धभये हैं अन्तर के अरु बाह्यके कारण
जिन्होंके, ऐसे प्राणियों के अर्थ कर्मके साधनभूत जे ऋग् यजु
साम अरु अथर्वणवेदरूप मन्त्रोंसे अग्निहोत्रादिरूप कर्म होता
भया। अरु तिन कर्मोंसे कर्मके फलरूप चतुर्दशलोक होतेभये
अरु तिनलोकों बिषे उत्पन्नभये प्राणियोंका देवदत्त यज्ञदत्त विष्णु
दत्त आदिरूप नामहोताभया ऽ ॥ [ननु, ईश्वरके सृष्टापने के

कथनसे कलाओं का सत्यपना अङ्गीकार करना चाहिये । क्योंकि शुक्तिरजत आदिकरूप आरोप विषे सृष्टपने (उत्पन्नहोने) के व्यवहारका अभाव है ताते यह आशंकाकरके, नेत्र विषे अंगुली के धारण अरु नेत्रमर्दन आदिक प्रयत्न से उत्पन्न किये दो चन्द्र मशक अरु मक्षिका आदिकों के आरोप के देखने से, । अथ रथान्रथयोगान् पथः सृजत इति । ९ अब जाग्रत् के अनन्तर, रथ को अरु रथमें जुड़नेवाले अश्वादिकों को अरु मार्गों को सृजता भया, इस बृहदारण्यकी श्रुति विषे उत्पन्न होनेकरके उक्त स्वप्न के पदार्थोंकी भ्रमरूपताके देखनेसे, ईश्वरकरके रचित कलाओं का सत्यपना मानना चाहिये यह कहना बने नहीं । इस अभिप्रायसे अब भाष्यकाराचार्य्य कहते हैं । यहां तिमिरशब्द जो है सो नेत्रबिषे अंगुली के धरने आदिक निमित्त के ग्रहणार्थ है] ऽ इसरीति से यह सोलहकला प्राणियों की अविद्या आदि दोषरूप बीजकी अपेक्षासे, तिमिरदोषकरकेयुक्त दृष्टिसे सृजेहुये दो चन्द्र मशक अरु मक्षिका आदिकोंवत्, अरु स्वप्न के द्रष्टाकरके सृजे हुये सर्व स्वप्नके पदार्थवत् सृजीहुई है। पुनः ऽ [जिसप्रकार आत्माके निश्चयार्थ अध्यारोपको कहके अब तिसके अपवादको प्रकट करतेहैं] ऽ समुद्रबिषे नदियोंवत् तिसही पुरुषबिषे अपने २ नामरूपादि उपाधियों के भेदको त्याग के अतिशयकरके लीन होती हैं ४ । ६३ ॥

५ ॥ हे सौम्य! अब उक्त कलाओं के अपवाद कोभी सविस्तर दृष्टान्त सहित श्रवणकरो ॥ । स यथेमा नद्यः स्यन्दमानाः समुद्रायणाः समुद्रं प्राप्यास्तं गच्छन्ति । ९ सो जैसे यह नदियांवहती हुई अरु समुद्रहै अयन (आत्मभाव जिनका ऐसी हुई समु[illegible] को पायके अस्तताको प्राप्तहोतीहैं > ऽ सोसमुद्रविषे नदीके ल[illegible] का दृष्टान्त कैसेहै, तहां कहतेहैं। जैसे लोक बिषे यहनदियां वहती हुई अरु समुद्र है अयन अर्थात् ९ आदिअन्तमें आत्मभाव[illegible] जिनका ऐसीहुईं समुद्रको पायके अपने नामरूप के तिरस्कार[illegible]

स यथेमा नद्यः स्पन्दमानाःसमुद्रायणाः समुद्रंप्रा प्यास्तंगच्छन्ति भिद्येते तासां नामरूपे समुद्र इत्येवंवेच्यं प्रोच्यते ॥ एवमेवास्य परिद्रष्टुरिमाः षोडशकलाः पुरुषायणाः पुरुषं प्राप्यास्तं गच्छन्ति भिद्येते तासां नामरूपे पुरुष इत्येवं प्रोच्यते स एषोऽकलोऽमृतो भ वति तदेषश्लोकः ५ । ६४ ॥

रूप अस्ततताको पावती हैं। अरु ऽ। भिद्येते तासां नामरूपे समुद्र इत्येवं प्रोच्यते। > अरु तिनके नाम (अरु) रूप नाशको पावते हैं समुद्र ऐसेही कहतेहैं > ऽ अस्तको प्राप्तभई उन नदियों के गंग यमुना गोदावरी आदि लक्षणवाले नाम अरु रूप यह दोनों ना शको पावते हैं । अरु तिन नामरूपके नाशभये पीछे अवशेषरह जो जलरूप वस्तु, सो समुद्र ऐसे कहतेहैं ॥ हे सौम्य ! जिस प्र कार यह दृष्टान्तहै ऽ। एवमेवास्य परिद्रष्टुरिमाःषोडशकलाःपुरु षायणाः पुरुषं प्राप्यास्तं गच्छन्ति । <ऐसेही इस परिद्रष्टाकी य षोडशकला (सो) पुरुषहै अयन जिनका ऐसीहुई पुरुष को पा यके अस्तको पावेहैं> ऽतैसेही, उक्त लक्षणवाला प्रसंगविषे प्राप्त भया पुरुष जो परिद्रष्टा ऽ अर्थात् अपने प्रकाश के कर्त्ता सूर्यव सर्व ओरसे स्वरूपभूत दर्शनका कर्त्ता है इस परिद्रष्टाकी यहप्रा णादि सोलहकलाहैं । सो उक्त सोलहकला नदीके अयनरूप स मुद्रवत्, पुरुष है अयन (आत्मभावको प्राप्ति) जिन कला की ऐसीहुई पुरुषरूप आत्मभाव को पाइके अपने नामरूपके तिर स्काररूप अस्ततताको पावती है । अरु ऽ। भिद्येते तासां नामरूपे पुरुष इत्येवं प्रोच्यते । < तिसके नामरूप नाशको पावते हैं, पुरुष ऐसे कहतेहैं > ऽ तिनकला के प्राणादिक लक्षणवाले नामरूपनाश को पावतेहैं । अरु नामरूप के नाशभये पीछे जोकि अविनाशी तत्त्व अवशेष रहताहै सो ब्रह्मवेत्ताओंकरके पुरुष ऐसेकहतेहैं॥ जो पुरुष गुरुने देखाया है कलाके लयकामार्ग जिसको, ऐसाहुआ

अरा इव रथनाभौ कला यस्मिन् प्रतिष्ठिताः । तं वेद्यं पुरुषं वेद यथामावो मृत्युपरिव्यथा इति ६।६५॥

इसरीतिसे जानताहै ८ । स एषोऽकलोऽमृतो भवति । ८ सो यह अकल अमृत होताहै ; ऽ सो यह पुरुष, अविद्या काम अरु कर्म करके जन्य जो प्राणादिक कला तिनके विद्याकरके नाशभये कलारहितहोताहै । अरु जिसकरके अविद्याकृत कलारूप निमित्त (उपाधि) का किया देहसे निकलने आदिक शब्दका वाच्य मरणादिक व्यवहाररूप मृत्युहै, ताते उन कलाके नाशभये यह पुरुष कलारहित होनेसेही अमृत (मरणरहित) होताहै ८ । तदेषश्लोकः । ८ तिसबिषे यह श्लोकहै ; ७ तिसही इसअर्थ विषे यह श्लोक (अग्रिमवाक्यरूप वेदका मंत्र) प्रमाणहै ५ । ६४ ॥

६ ॥ हे सौम्य ! । अराइव रथनाभौ । ८ जैसे रथकी नाभि विषे अरा ; अर्थात् ऽ [रथकेचक्र (पहिया) कीनाभि (मध्यकाकाष्ठ) तिसको रथनाभि कहतेहैं, तिस रथनाभि विषे अरु मार्गको स्पर्श करनेवाली चक्ररूप नेमी (पूठि) तिस बिषे लगेहुये खड़े काष्ठ तिसको रथचक्रका परिवार कहते हैं । अरु तिनहींको अरा कहते हैं] सो जैसे रथचक्रके परिवाररूप अरा रथके चक्रकी नाभि बिषे प्रवेशको प्राप्तभये तिस रथचक्रके आश्रित होते हैं । तैसेही ऽ । कला यस्मिन् प्रतिष्ठिताः । ८ कला जिसबिषे आश्रितहैं ; ऽ प्राणादिकला जिस पुरुषबिषे ' उत्पत्ति स्थिति अरु लय, इन तीनोंकालोंबिषे आश्रित होते हैं ऽ । तं वेद्यं पुरुषं वेद । ८ तिस जाननेयोग्य पुरुष को जानना ; ऽ तिस कलाके आत्मरूप जाननेयोग्य सर्वत्र पूर्णहोनेसे अथवा सर्व शरीरोंरूपी पुरविषे रहनेसे पुरुष तिस पुरुषपदसे लक्ष्य पुरुषको जैसाहै तैसाही जानना ॥ हे शिष्यो ! ऽ । यथामावोमृत्युपरिव्यथा । ८ तुमको मृत्यु पीड़ा मतकरै ; ऽ तुमको मृत्यु जो है सो क्लेशको प्राप्त मतकरै ॥ अर्थात् जिसकरके तुम क्लेशको प्राप्तभये दुःखीहोहो, एतदर्थ मैं

तान् होवाचैतावदेवाहमेतत्परंब्रह्मवेदनातःपरमस्ती
ति ७ । ६६ ॥

कहताहौं कि तुम्हारेको क्लेश मत प्राप्तहो । इत्यभिप्रायः ६ । ६५ ॥

७ ॥ हे सौम्य ! पिप्पलादनाम मुनीश्वर आचार्य उक्तरीत्या
तिन अपने प्रश्नकर्ताओंको उक्त उपदेशकरके पुनः (तान्
होवाच । (तिनकेप्रति कहतेभये ;) तिन अपने शिष्योंको कह
तेहुये कि हे प्रियदर्शन! हे शिष्यो! (एतावदेवाहमेतत्परंब्रह्मवेद
(इतनाहीं परब्रह्महै इसको मैं जानता हौं ;) इतनाही जानने
योग्य परब्रह्म है इसको मैं जानता हौं अरु (नातः परमस्ति
इति । (इससे श्रेष्ठ नहीं है ; इसकहे हुये परमपुरुष से अन
अत्यन्त श्रेष्ठ जानने योग्य कोई नहीं है । हे सौम्य ! इसप्रका
अपने शिष्योंको अज्ञात अरु अवशेष रखने योग्य अन्य वस्तु
सद्भावकी आशंकाकी निवृत्ति के अर्थ अरु हम कृतार्थभये इ
प्रकारकी निश्चय आत्मक बुद्धिके जननार्थ पिप्पलाद मुनीश्वर
रूप सर्वज्ञ आचार्यने कहाहै ७ । ६६ ॥

८ ॥ हे सौम्य ! जब पिप्पलाद मुनीश्वररूप आचार्यसे उपदेश
कोपाय निःसंशयभये वे सुकेशाआदि छवोंशिष्य आप कृतार्थ भये
तिस निःसंशय कृतार्थकर्त्ता गुरुके अर्थ ब्रह्मविद्या के प्रतिउपका
(बदला) कुछ भी न देखतेभये ॥ प्र० ॥ तब क्या करतेभये
उ० ॥ (तेतमर्चयन्तः । (वे तिसका पूजनकरतेहुये ; । अर्थात्
छवो शिष्य तिस पिप्पलाद नामवाले अपने गुरुको दोनोंपाद
पुष्पांजली अर्पण करने से अरु मस्तक साक्षात् उनके चर
णों में रख प्रणिपात (दंडवत्) से पूजन करते हुये, कहते भये
प्र० ॥ क्या कहते भये ॥ उ० ॥ (त्वंहिनः पितायोऽस्माकं
(आप हमारे पिताहौ ; हे गुरो ! आप हमारे नित्य अजर अमर
अभय ब्रह्मरूप शरीर के विद्याकरके जनक होनेसे पिताहौ । अरु

ते तमर्चयन्तस्त्वं हि नः पिता यो ऽस्माकमविद्यायाः परंपारं तारयसीति । नमः परमऋषिभ्यो नमः परमऋषिभ्यः इति ८ । ६७ ॥

इति श्रीप्रश्नोपनिषद्गतषष्ठप्रश्नः ॥

इति प्रश्नोपनिषत्समाप्ता ॥

(अविद्यायाः परंपारं तारयसीति) (जो अविद्यासे परपारकेताईं तारतेहौ ;) जो आपही विपरीत ज्ञानमय जन्म जरा मरण रोग अरु दुःखादिरूप मकरादि तिनकरके युक्त जो अविद्यारूप महासागर तिससे, पर विद्यारूप दीर्घ नौकाकरके ऽ महासागर के पारवत्, अपुनरावृत्तिरूप मोक्ष नामवाले पारकेताईं हमको पार करतेहौ, एतदर्थ आपका हमारेप्रति अन्य (जन्मदायक) पिता से अधिक पितापना घटित है ॥ अरु जब अन्यपिता भी शरीर मात्रकोही उत्पन्न अरु पालन पोषण करता है तथापि लोकविषे अत्यन्त पूजने योग्यहै, तब अत्यन्त अभयके दाता सद्गुरु रूप पिताके पूजनेकी योग्यताविषे क्या कहना है ॥ एतदर्थ (नमः परमऋषिभ्यो नमः परमऋषिभ्यः इति ((परमऋषियों के अर्थ नमस्कार होहु, परमऋषियों के अर्थ नमस्कार होहु, (ब्रह्म विद्याके सम्प्रदायके कर्त्ता परमऋषियों के अर्थ नमस्कार होहु यहां जो द्विवार कथनहै सो ब्रह्मविद्याके आचार्यों विषे आदरार्थ अरु 'इति, शब्द उपनिषद्कीसमाप्त्यर्थहै ॥ इति सिद्धम् ८ । ६७ ।

इति प्रश्नोपनिषद्गतषष्ठप्रश्नभाषाटीका समाप्ता ॥

इति प्रश्नोपनि[illegible]